डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

सर्वाधिक चर्चित अखबार

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

न दबाव, न भेदभाव

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-29 अंक- 355 www rashtriyahindimail.in भोपाल, रविवार 19 अक्टूबर 2025 । आश्विन, कृष्ण पक्ष-14, 2082 पृष्ठ-8 मूल्य पांच रुपए



रूप चौहदस आज




3 स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण को जीवन का संकल्प...




4 दीपावली : धर्म, संस्कृति और समरसता का संगम



5 ग्राम पंचायत लेदरा में सीसी रोड बनते ही पूरी तरह हुई



6 धनतेरस पर जमकर बरसा बाजार में धन, ऑटोमोबाइल


## धनतेरस पर प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं स्वदेशी खरीदारी को बढ़ावा देने का किया आह्वान



**नई दिल्ली।** भारत में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ धनतेरस का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही, उन्होंने देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं देते हुए भगवान धन्वंतरि से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं। भगवान धन्वंतरि सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'भगवान धन्वंतरि से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना करता हूं।' इस दौरान, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर दिया। देशवासियों के नाम अपने संदेश में उन्होंने लिखा, 'सुख, समृद्धि और आरोग्य के पावन पर्व धनतेरस की आप सभी को हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं। भगवान धन्वंतरि आपको स्वास्थ्य-धन प्रदान करें और माता लक्ष्मी आपके घर-आंगन को सुख, समृद्धि, धन-धान्य एवं वैभव से परिपूर्ण करें। इस धनतेरस 'वोकल फॉर लोकल' को खरीदारी का मंत्र बनाइए। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाइए।' मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'सुख, समृद्धि, धन-धान्य एवं आरोग्य की कामना के पावन पर्व धनतेरस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशहाली लाए, यही मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना करता हूं।

### धनतेरस पर किसानों को मिली बड़ी सौगात

# भावांतर योजना बनेगी किसानों की ढाल, सरकार देगी आर्थिक संबल

## अब राहत राशि का इंतजार नहीं, सिंगल क्लिक में किसानों के खाते में पहुंच रही मदद : मुख्यमंत्री

*धनतेरस पर मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों के लिए खुशियों की सौगातों का पिटारा खोल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ के ब्यावरा में आयोजित किसान सम्मेलन में भावांतर योजना, सोलर पंप सब्सिडी, फसल समर्थन मूल्य और आपदा राहत जैसी कई बड़ी घोषणाएं करते हुए स्पष्ट किया कि यह सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अब किसान न केवल बाजार में गिरते दामों से सुरक्षित रहेंगे बल्कि उनकी मेहनत का पूरा मूल्य भी समय पर मिलेगा। धनतेरस के मौके पर प्रदेश के किसानों को सरकार की ओर से बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजगढ़ जिले के ब्यावरा में आयोजित किसान सम्मेलन में कई अहम घोषणाएं कीं, जिनमें किसानों के लिए भावांतर योजना, सोलर पंप सब्सिडी, आपदा राहत, और महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना से जुड़े बड़े फैसले शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसान सोलर पंप के लिए सिर्फ 10 प्रतिशत राशि देंगे, जबकि 90 प्रतिशत राशि सरकार वहन करेगी। पहले यह हिस्सा किसानों को 40 प्रतिशत तक देना पड़ता था। यह लाभ 3 हॉर्स पावर और 5 हॉर्स पावर - दोनों श्रेणी के कनेक्शन पर लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक भावांतर योजना लगातार लागू रहेगी। इस योजना के तहत सरकार किसानों को बाजार में गिरते दामों से बचाने के लिए सीधा आर्थिक संबल देगी। अब तक 9 लाख से अधिक किसानों ने सोयाबीन के लिए पंजीयन कराया है।*

*मुख्यमंत्री ने कहा - 'पहले किसानों को आपदा के समय सर्वेक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही राहत राशि मिलती थी, लेकिन अब जैसे ही नुकसान की जानकारी आती है, राहत राशि तुरंत किसानों के खातों में पहुंचा दी जाती है।'*



समाचार-विश्लेषण पृथ्विजय कुमार दास मो. 9971085589

*कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को सिंगल क्लिक से 277 करोड़ रुपये की राहत राशि वितरित की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित की जाएंगी ताकि अतिरिक्त फसलें व्यर्थ न जाएं और किसानों को उचित दाम मिल सके।*

*मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में गेहूं का समर्थन मूल्य अब 2600 रुपये प्रति क्विंटल है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि '2005 में यह कीमत 500 रुपये थी, आज यह सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।*

*डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाएं प्रदेश के सिंचाई रकबे को 100 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं, जिससे किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना में भी बड़ी घोषणा की - अब लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपये मिलेंगे, जबकि पहले यह राशि 1250 रुपये थी।*

*मुख्यमंत्री ने भावुक होते हुए कहा - 'किसान धूप, बारिश और बाढ़ में जान की बाजी लगाकर अन्न उगाते हैं। उनकी सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। यह मुख्यमंत्री निवास नहीं, किसानों का घर है।' उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि '1956 से 2003 तक सिंचाई रकबा सिर्फ साढ़े सात लाख हेक्टेयर था और गेहूं का दाम महज 500 रुपये क्विंटल। भाजपा सरकार ने ही इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। इस खबर का लब्बोलुआब यह है कि गोवर्धन पूजा अब शासकीय त्यौहार के रूप में मनाई जाएगी, साथ ही श्रीराम के ओरछा धाम को भव्य स्वरूप देने और राम वनगमन पथ को विकसित करने की योजनाएं जारी हैं। भावांतर योजना, सोलर पंप सब्सिडी, फसल समर्थन मूल्य, और फूड प्रोसेसिंग इकाइयों जैसी घोषणाओं के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आने वाले समय में राज्य की कृषि नीति और मजबूत, और किसान-केंद्रित होगी।*



*लेखक इस पत्र समूह के प्रबंध संपादक हैं।*

## भारत स्वदेशी 4जी स्टैक के साथ शीर्ष पांच देशों में शामिल : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025' में मुख्य भाषण दिया। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने भारत की अटूट गति और तेजी से विकसित हो रहे विश्व में आशा की किरण के रूप में उसकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनडीटीवी वर्ल्ड समिट उत्सव के माहौल में आयोजित हो रहा है। उन्होंने सत्र के विषय 'अजेय भारत' की सराहना की और कहा कि यह बिल्कुल उपयुक्त है, क्योंकि आज भारत रुकने के मूड में नहीं है। भारत न रुकेगा, न थमेगा, 140 करोड़ भारतीय एक साथ मिलकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विविध बाधाओं और गतिरोधकों का सामना कर रहे विश्व में अजेय भारत पर चर्चा स्वाभाविक और सामयिक दोनों है। मोदी ने कहा कि विविध बाधाओं और गतिरोधकों का सामना कर रहे विश्व में अजेय भारत पर चर्चा स्वाभाविक और सामयिक दोनों है। उन्होंने इस विषय को ग्यारह वर्ष पूर्व और वर्तमान की स्थिति के संदर्भ में रखने का प्रयास किया। 2014 से पहले के दौर को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने उस समय ऐसे शिखर सम्मेलनों में होने वाली चर्चाओं की प्रकृति पर प्रकाश डाला। जैसे भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना कैसे करेगा, वह नाजुक पांच समूह से कैसे बाहर निकलेगा, देश कब तक नीतिगत निष्क्रियता में फंसा रहेगा और बड़े पैमाने पर घोटालों का दौर कब समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं व्यापक थीं और आतंकवादी स्लीपर सेल के अनियंत्रित प्रसार के बारे में खुलासे चर्चा में छाए रहते थे। महंगाई पर विलाप करने वाले गीत, जैसे कि 'महंगाई डायन खाए जा रही है' आम तौर पर सुने जाते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत ने हर शक को तोड़ा और हर चुनौती पर जीत हासिल की। भारत 'कमजोर पांच देशों' से निकलकर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया। महंगाई 2 फीसदी से कम है, और विकास दर 7 फीसदी से ज्यादा है।

## ब्रह्मोस मिसाइल भारत की ताकत और आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा प्रमाण : रक्षा मंत्री



**नई दिल्ली।** धनतेरस के शुभ अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट के कार्यक्रम में देश की रक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता और उत्तर प्रदेश के विकास पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज का दिन न सिर्फ लखनऊ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा, 'मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि उनका आशीर्वाद सभी देशवासियों पर बना रहे।' उन्होंने कहा कि लखनऊ उनके लिए सिर्फ एक संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि भावनाओं से जुड़ा स्थान है। उन्होंने लखनऊ के तेज विकास पर प्रसन्नता जताई और कहा कि समय के साथ जैसे-जैसे ब्रह्मोस की विश्वसनीयता बढ़ेगी, वैसे-वैसे लखनऊ की पहचान भी और मजबूत होगी।

### खाई में गिरी पिकअप 6 की मौत, 10 से ज्यादा घायल

**नंदुरबार।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। अस्तंबा यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप गाड़ी चांदसैली घाट में पलट गई। बताया जा रहा है कि घाट के मोड़ पर ड्राइवर का वाहन पर नियंत्रण हट गया, जिससे गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को तलोदा उप-जिला अस्पताल पहुंचाया। कई श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें भी मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया गया।

### एफआईआर में दीया कुमारी के खिलाफ झूठी खबर और पैसे उगाही के आरोप, AI वीडियो पर भी जांच

## जयपुर पुलिस ने पत्रकार आनंद पांडे और हरीश दिवेकर को सशर्त छोड़ा



बड़ी खबर

विशेष संवाददाता

राजस्थान पुलिस ने शनिवार शाम मध्यप्रदेश के दो वरिष्ठ पत्रकारों को सशर्त रिहा कर दिया। आनंद पांडे और उनके साथी पत्रकार हरीश दिवेकर को शुक्रवार को जयपुर पुलिस ने मध्यप्रदेश से हिरासत में लिया था। दोनों पर जयपुर साइबर थाने में दर्ज एक एफआईआर के आधार पर कार्रवाई की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने राजस्थान के उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के खिलाफ झूठी खबरें प्रकाशित कीं और उनके खिलाफ पैसों की उगाही की कोशिश की। एफआईआर में बताया गया कि 28 सितंबर को परिवादी नरेंद्र सिंह राठौड़ ने सिविल लाइंस साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके बाद पत्रकारों को हिरासत में लेकर जयपुर लाया गया और मामला करणी विहार थाना पुलिस को जांच के लिए सौंपा गया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि जांच के तहत आवश्यक सबूत जुटाए जा रहे हैं और आगे की कार्रवाई एफआईआर में दर्ज बिंदुओं के अनुसार की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को मध्यप्रदेश भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के हस्तक्षेप के बाद आनंद पांडे को सशर्त रिहा किया गया। रिहाई की शर्तों में उन्हें चार दिन के भीतर अपने वॉइस सैंपल एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी) को सौंपने का निर्देश शामिल था। वहीं, पत्रकार हरीश दिवेकर के खिलाफ जांच जारी है और उन्हें भी भविष्य में फिर से पुलिस के समक्ष पेश होना होगा। मध्यप्रदेश के कई पत्रकार संगठनों ने इस गिरफ्तारी का विरोध किया और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब सच बोलने वाले पत्रकार जेलों में हों और झूठ फैलाने वाले आज़ाद घूमें, तब समझिए लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने संपादक आनंद पांडे और हरीश दिवेकर की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया और कहा कि उनके संस्थान की टैगलाइन 'हम सिर्फ भगवान से डरते हैं' सत्ता को सबसे अधिक चुनौती देती है। साथ ही पत्रकार संगठनों ने आरोप लगाया कि जयपुर पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले मध्यप्रदेश पुलिस को औपचारिक सूचना नहीं दी, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता और वैधता पर सवाल उठे हैं। इस घटना ने मीडिया, राजनीतिक दलों और आम जनता के बीच लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता पर बहस को फिर से तेज कर दिया है।

## बगलामुखी दर्शन से लौट रहे चार दोस्तों की कार को डंपर ने मारी टक्कर, तीन की मौत

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार देर रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। मां बगलामुखी के दर्शन कर लौट रहे चार दोस्तों की कार रॉन्ग साइड से आ रहे डंपर से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उज्जैन-आगर रोड स्थित जैथल टेक-पिपलई के पास हुआ। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मां बगलामुखी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे चार दोस्तों की कार उज्जैन-आगर रोड पर जैथल टेक-पिपलई के पास रॉन्ग साइड से आ रहे एक डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## त्यौहारी सीजन में ट्रैफिक लापरवाही पर SSP धर्मवीर सिंह ने दिखाई सख्ती

**ग्वालियर।** ग्वालियर के दौलतगंज इलाके में शुक्रवार रात SSP धर्मवीर सिंह खुद ट्रैफिक जाम में फंस गए - और जाम का कारण निकली थानेदार की कार।। मामला सामने आने पर SSP ने मौके पर ही टीआई को कड़ी फटकार लगाई और कार्रवाई करते हुए लाइन अटैच कर दिया। जानकारी अनुसार धर्मवीर सिंह क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले थे तथी उनकी कार जाम में फंस गई, जब उन्होंने खुद आगे जाकर स्थिति देखी, तो पाया कि न तो कोई ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद था और न ही यातायात को नियंत्रित करने की कोई व्यवस्था थी। इस दौरान कई टू-व्हीलर चालक रॉन्ग साइड से गुजर रहे थे, जबकि एक कार बीच सड़क पर खड़ी थी जिससे पूरा रास्ता जाम हो गया था। जब SSP उस कार के पास पहुंचे, तो कार में तिघरा थाना प्रभारी (टीआई) शिवकुमार शर्मा अपने स्टाफ के साथ सिविल ड्रेस में बैठे हुए मिले। पूछताछ में पता चला कि टीआई बिना सूचना के थाने से बाहर थे और निजी तौर पर क्षेत्र में घूम रहे थे। SSP ने जब कारण पूछा तो टीआई कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्य सड़कों से सभी निजी वाहन तुरंत हटवाए जाएं, ताकि त्योहारों के दौरान आम जनता को जाम की परेशानी न झेलनी पड़े।

### बड़े-बड़े लोगों की बातें

## शिवराज की धनतेरस शॉपिंग 'महंगा होगा तो छोटा ले लेंगे' पर मार्केट में हंसी का तड़का... 'यह तो गृहलक्ष्मी को ही तय करना होगा...



धनतेरस की रात राजधानी की गलियों में रौनक और चहल-पहल के बीच, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ खरीदारी करते नजर आए। परंपरा निभाते हुए उन्होंने लोकल मार्केट से कुछ बर्तन, मूंगफली और चांदी का सिक्का खरीदा। रोशनपुरा मार्केट की एक ज्वेलरी दुकान पर चांदी का सिक्का देखते ही शिवराज सिंह चौहान ने मजेदार अंदाज में कहा, 'अगर महंगा होगा तो छोटा वाला ले लेंगे।' उनकी यह बात सुनते ही वहां मौजूद लोग जोर-जोर से हंस पड़े। फिर साधना जी ने हंसते हुए कहा, 'दोनों लक्ष्मियां घर पर ही आ चुकी हैं।' बात साफ थी - इस साल बेटों की शादी के बाद दोनों बहुएं घर आ चुकी थीं। अंत में जब सिक्का फाइनल करना था, शिवराज सिंह बोले, 'यह तो गृहलक्ष्मी को ही तय करना होगा।' और फिर, पत्नी के पसंद किए सिक्के का भुगतान कार्ड से करते हुए उन्हें खरीद लिया। ऐसा लगता है कि इस धनतेरस पर खरीदारी सिर्फ सोने-चांदी के लिए नहीं, बल्कि हंसी-मजाक भी खास रही...। **खबरची**

### ग्वालियर में संवेदनशील विवाद पर प्रशासन ने दिखाई तत्परता

# कलेक्टर रुचिका चौहान की नई पहल -अब वॉट्सऐप ग्रुप्स से जुड़कर प्रशासन कसेगा अफवाहों पर शिकंजा

*हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की मूर्ति को लेकर हुए विवाद ने हाल ही में शहर में सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल को तनावपूर्ण बना दिया था। मामला तब गर्माया जब वकील और पूर्व बार काउंसिल अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने सोशल मीडिया पर डॉ. अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कीं। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को 'अंग्रेजों का गुलाम-एजेंट' और 'झूठा' बताकर संवेदनशील सामाजिक भावनाओं को आहत किया। इस वीडियो के वायरल होते ही दलित संगठनों में भारी रोष फैल गया और उन्होंने 15 अक्टूबर को ग्वालियर में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। वहीं, सवर्ण समाज के संगठनों ने भी उसी दिन शक्ति प्रदर्शन की बात कही। टकराव की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने शहर में धारा 163 लागू कर दी और 4 हजार से अधिक पुलिस जवान तैनात किए। हालांकि, कलेक्टर रुचिका चौहान और उनके नेतृत्व में ग्वालियर की पूरी प्रशासनिक टीम ने गुड गवर्नेंस का उदाहरण सेट करते हुए संवेदनशील स्थिति को देखते हुए समय रहते समझाइश और बातचीत के जरिए विवाद को शांत कराया। प्रशासन ने सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय नेताओं से सीधे संपर्क कर स्थिति को नियंत्रित किया, जिससे संभावित संघर्ष टल गया और पूरे प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर प्रभाव नहीं पड़ा। विवाद अभी थमा ही था कि उसके तुरंत बाद रुचिका चौहान ने जिले में सोशल मीडिया और अफवाहों पर लगाम लगाने के लिए एक नई पहल शुरू कर दी है। इसके तहत जिले के प्रमुख समाज, धर्म और जाति आधारित वॉट्सऐप ग्रुप्स को प्रशासन से जोड़ा जाएगा। सभी ग्रुप एडमिन्स की जानकारी, नाम, पता और मोबाइल नंबर प्रशासन के पास दर्ज होगी। बता दें कि एक विशेष वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें सभी एडमिन्स को जोड़ा जाएगा और इसकी मॉनिटरिंग स्वयं कलेक्टर रुचिका करेंगी। इस व्यवस्था के माध्यम से किसी भी भ्रामक पोस्ट या अफवाह पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जाएगी और सही जानकारी साझा की जाएगी। योजना के जरिए शासन की योजनाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद और पर्यावरण अभियानों की सूचना भी आमजन तक तेजी से पहुंचेगी। ग्वालियर कलेक्टर रुचिका ने राष्ट्रीय हिंदी मेल के इस प्रतिनिधि से बात करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल अफवाहों को रोकना नहीं है, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन तुरंत सही संदेश पूरे जिले में प्रसारित कर सके। लिस्टेड एडमिन्स के कारण ग्रुप्स में गलत पोस्ट सीमित होंगी और प्रशासन की सूचनाएं प्रमुख संगठनों तक तुरंत पहुंचेंगी। कलेक्टर ने कहा, 'मौजूदा हालात और सामाजिक-सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं को देखते हुए यह योजना समय की मांग है। जनसंपर्क विभाग इस पूरी व्यवस्था का संचालन करेगा ताकि शासन की आवश्यक जानकारी और संदेश आमजन तक तुरंत और सटीक रूप में पहुंच सके।' इस विशेष रिपोर्ट का लब्बोलुआब यह है कि रुचिका चौहान की इस पहल ने ग्वालियर में प्रशासन के गुड गवर्नेंस और समाज के बीच विश्वास बढ़ाने के साथ ही जिले में कानून और व्यवस्था के बेहतर उदाहरण को प्रस्तुत किया करेगा ऐसा माना जाए तो चौंकिएगा नहीं...।*



विशेष रिपोर्ट

अनीता चौबे मो. 9893288371

**जनसंपर्क विभाग रहेगा नोडल, हर सूचना पर होगी कलेक्टर की सीधी निगरानी**



*लेखक इस पत्र समूह के कार्यकारी संपादक हैं।*

## अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी आग



**अमृतसर।** शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लुधियाना से दिल्ली जा रही अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के कोच नंबर 19 में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 7.30 बजे की है। जैसे ही यात्रियों ने कोच से धुआं उठते देखा, तुरंत चेन पुल करके ट्रेन को रोक दिया गया। रेलवे और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर ली, सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता

## भाजपा पार्टी में हर कार्यकर्ता को मिलता है मान-सम्मानः गोविंद सिंह राजपूत

**सागर।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़, शिकारपुर, गाजीखेड़ा, गुमरिया ग्राम के कांग्रेसियों ने अपने साथियों के साथ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेते हुए क्षेत्र के विकास में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने का संकल्प लिया। मंत्री राजपूत ने सभी कांग्रेसियों को भाजपा का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने सभी लोगों को पार्टी में शामिल होने की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भाजपा विकास करने वाली पार्टी है जिसने हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनायें बनायीं और हर वर्ग को लाभ पहुंचाया। सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्य चल रहे हैं।



सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हुए हैं। आप सभी लोगों का साथ मिलने से इन विकास कार्यों में और गति आयेगी। पार्टी की सदस्यता लेने वालों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र के विकास में वह मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे ताकि क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें सकें।

# गुणवत्ता और विश्वसनीयता ब्रांडिंग का मूलमंत्र, खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री इसके लिए प्रसिद्धः भूपेन्द्र सिंह

**खुरई।** किसी भी व्यवसाय में ब्रांड की सफलता उसकी गुणवत्ता और विश्वसनीय से तय होती है। इसमें समय लगता है लेकिन बड़ा दीर्घकालिक लाभ सुनिश्चित हो जाता है। एक जिला एक उत्पाद में चयनित खुरई की कृषि उपकरण इंडस्ट्री ने इन्हीं विशेषताओं के कारण देश और प्रदेश के कृषि जगत में अपना स्थान बनाया है। यह स्वदेशी उत्पादों की सफलता का बड़ा उदाहरण है।

यह बात पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई के निर्तला में धनतेरस पर एक पेट्रोलियम प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि खुरई के कृषि



उपकरणों को मिलने वाली प्राथमिकता बताती है कि यहां की तकनीक बेहतर है। पिछले आठ सालों में खुरई में फाउंड्री की संख्या 75 हो गई। पेट्रोल पंप दो से बढ़ कर 12 हो गये। सुविधाएं और बढ़ेंगी तो और बेहतर परिणाम सामने आ सकते हैं। आयरन का डिपो हो, बड़ी कटर मशीनें हों तो छोटी छोटी इंडस्ट्रीज और लग सकती हैं और खुरई कृषि उपकरणों के क्षेत्र में देश का हब बन सकता है।

## पिछले वर्ष की तुलना में वाहनों की बिक्री 50 प्रतिशत, सोना चांदी 40 प्रतिशत बिका

# धनतेरस पर बाजार में भीड़ भी कम दिखी बिक्री पर खराब फसलों का दिखा असर

**खुरई।** भारत में हिंदु रीति रिवाजों के अनुसार दीपावली के पहले धनतेरस पर सोना चांदी सहित,वाहन,बर्तन सहित अन्य उपयोगी वस्तुयें व सजावट की सामग्री खरीदने का रिवाज व मान्यता है। जिसको लेकर प्रतिवर्ष धनतेरस पर जहां लोगों को सामग्री खरीदने का इंतजार रहता है तो वहीं दुकानदार भी अच्छी बिक्री को लेकर धनतेरस का इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार सोना चांदी के बेहिसाब दाम बढ़ने और फसलों के खराब आने से दुकानदार मायूस रहे। पैसे नहीं होने के कारण खरीददार भी मन मसोस कर धनतेरस को निकलता देखते रह गये।

### खराब फसलों को पड़ा ज्यादा असर

इस बार सोयाबीन की फसल को बहुत नुक्सान हुआ है। किसी को 50 किलो तो किसी को इससे भी कम का प्रति एकड़ ऐवरेज निकला है। जिससे किसानों की जेब में पैसा नहीं होने से सभी धंधे चैपट हो गये। चूंकि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है। यदि किसानों के पास पैसा है तो सभी बाजार गुलजार रहते हैं। किसानों के साथ सभी व्यवसायों का ऐसा नाता है कि किसानी को जुखाम होता है तो बाकी व्यापारों को खांसी हो जाती है।







**शोरूमों से केवल 50 प्रतिशत वाहन बिके**

वाहन शोरुम संचालकों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में वाहनों की बिक्री 50 हुई है। जानकारी देते हुये हीरो कंपनी के शोरुम संचालक मनोज दुबे ने बताया कि इस बार बाजार बड़ा धीमा रहा। इसके दो कारण रहे एक तो फसलें खराब आईं और मार्केट में लोगों के पास पैसा नहीं है जीएसटी कम होने से कुछ बिक्री बढ़ी लेकिन ज्यादा असर नहीं हुआ। ऐसे ही होंडा कंपनी के मैनेजर दीपेश चौरसिया ने बताया कि वाहनों की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 50 प्रतिषत से भी कम रही। इसका कारण एक तो फसलों का खराब आना और दूसरा धनतेरस शनिवार को पड़ने से लोगों ने वाहन नहीं खरीदे। यदि फाइनेंस सुविधा नहीं होती तो इस बार बाजार बहुत कम पर ही सिमट जाता।

### 40 प्रतिशत ही बिके सोने चांदी के जेवर

सबसे ज्यादा प्रभाव ज्वेलर्स की दुकानों पर पड़ा है। यदि ग्राहकों की संख्या देखी जाये तो वह भी कम रही इसके अलावा किसानों के पास पैसा नहीं होने से जेवर यदि खरीदे भी हैं तो न के बराबर जिससे व्यवसाय न के बराबर चला है। जानकारी देते हुये ज्वेलर्स ऐसोसियेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र बड़कुल ने बताया कि चूंकि फसलें कमजोर आईं इसलिये लोगों के पास पैसा नहीं रहा। जिससे बाजार टूटा दूसरे सोना चांदी के दाम पिछले कुछ समय में इतने बढ़ गये कि लोगों ने खरीदने का मन ही नहीं बनाया। कहा जाये तो इस बार सोना चांदी का मार्केट पिछले साल की तुलना में केवल 40 प्रतिशत रहा।

### अन्य व्यवसायों की दुकानें खूब चलीं

सोना चांदी और वाहनों के अलावा धनतेरस पर बर्तन खरीदने का प्रचलन है। बर्तन की दुकान चलाने वाले लोकेश उर्फ बंटी जैन ने बताया कि सोना चांदी तो पहुंच से बाहर हो गये अब केवल बर्तन खरीद कर लोगों ने अपनी धनतेरस मनाई। हांलाकि बर्तनों के दाम पिछले साल की तुलना में डेढ़ से दो गुने हो गये। तांबा और पीतल के दाम भी आसमान छू रहे हैं लेकिन फिर भी बर्तनों की दुकानों पर जमकर भीड़ रही। इसके अलावा सजावटों की सामग्री व धनतेरस पर झाडू खरीदने के रिवाज के कारण बहुत बिक्री हुई।

# नींद की झपकी आने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा,चालक घायल

## *धनतेरस की बिक्री को लेकर भोपाल से मढ़ावरा शोरुम भेज जा रहे थे ट्रैक्टर*



**खुरई।** रजवास रोड पर गोलनी गांव स्थित नारधा तिगड्डा के पास दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां नींद की झपकी आने से एक नया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। यह ट्रैक्टर भोपाल से मढ़ावरा जा रहा था और उसके साथ कुछ अन्य ट्रैक्टर भी थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि धनतेरस को लेकर शोरुम के ट्रेक्टर भोपाल से मढ़ावरा भेजे जा रहे थे। हादसे में ट्रैक्टर चालक बलवीर ठाकुर निवासी भोपाल घायल हो गया। ट्रैक्टर के पलटते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने घायल चालक को बाहर निकाला और उसकी मदद की। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची । घायल चालक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है।

## विधायक लारिया ने पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया



**सागर।** नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने विधानसभा अंतर्गत शांतिनाथ धाम, सिरोंजा में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। विधायक लारिया ने कहा कि 16 से 21 नवम्बर तक चलने वाले इस गरिमामय महोत्सव आयोजन में स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शीघ्र प्रशासनिक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।

## कलेक्टर ने संजीवनी आश्रम पहुंचकर बच्चों के साथ मनाई छोटी दिवाली, मिष्ठान एवं उपहार देकर दी शुभकामनाएं



**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर दीपावली के उपलक्ष्य में संजीवनी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने आश्रम में निवासरत बच्चों के साथ छोटी दीवाली मनाई और उन्हें मिष्ठान एवं उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## यात्री बसों में ज्वलनशील पदार्थो का परिवहन न किये जाने के संबंध में यात्री वाहनस्वामियों की बैठक आयोजित की गई-आरटीओ

**सागर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर ने बताया कि दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 17.10.2025 को समाचार प्रकाशित हुआ है कि सागर जिला अंतर्गत संचालित यात्री वाहनों में ज्वलनशील पदार्थो का परिवहन किया जा रहा है, इस कारण यात्री बस से कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इस संबंध में दिनांक 17.10.2025 को दोपहर 12 :00 बजे से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, सागर में जिले के समस्त यात्री बस संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने उपस्थित सभी वाहनस्वामियों को अवगत कराया गया कि मुख्यतः इस बैठक का उद्देश्य यह है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर अनुसार यात्री बसों में ज्वलशील सामग्री (पटाखें, आतिशबाजी, गैस सिलेण्डर, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ आदि) का परिवहन किया जा रहा है, जो घातक है। उपस्थित सभी बस संचालकों को हिदायत दी गई है कि वह यात्री बसों के स्टाफ को सख्ती से निर्देशित करे की बसों में ज्वलशील पदार्थो का परिवहन न किया जावे।

## स्थानीय बाजार में खरीददारी कर नरयावली विधायक लारिया ने वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया



**सागर।** नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने मकरोनिया के रजाखेड़ी बजरिया में दीपावली के लिए स्थानीय बाजार से कुम्हारों द्वारा बनाए गए स्वदेशी दीयों और सजावटी सामग्री की खरीदारी की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे दीपावली पर अपने घर में स्वदेशी दीप जलाएं। विधायक श्री लारिया ने कहा कि वोकल फॉर लोकल अभियान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में जन-आंदोलन का रूप ले चुका है और यह हर भारतीय को प्रेरित करता है कि वह स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए और स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाए।

# विधायक जैन ने अंबेडकर वार्ड में मंगल भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## दीपावली पर राजपूत क्षत्रिय समाज को मिलेगी सौगात

**सागर।** सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने अंबेडकर वार्ड स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज के लिए बन रहे मंगल भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने बताया कि यह भवन इस दीपावली के अवसर पर समाज को एक बड़ी सौगात के रूप में समर्पित किया जाएगा।

विधायक जैन ने कहा कि सागर शहर में मंगल भवन निर्माण की दिशा में एक नई क्रांति आई है। प्रत्येक वार्ड में लगभग ?35 लाख की लागत से



सर्वसुविधायुक्त मंगल भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि समाज के लोगों को विवाह, धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक उपयुक्त स्थल मिल सके। उन्होंने बताया कि अंबेडकर वार्ड में राजपूत क्षत्रिय समाज का मंगल भवन निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और केवल फिनिशिंग का कार्य जारी है। दीपावली के दो दिन बाद यह कार्य पूरी तरह संपन्न हो जाएगा और भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। विधायक जैन ने आगे बताया कि इसके बाद खटीक समाज और सैनी समाज के मंगल भवन निर्माण कार्य भी तेजी से प्रगति पर हैं। बहुत जल्द इनके कार्य पूर्ण कर लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# निगमायुक्त खत्री ने धनतेरस पर सपरिवार स्वदेशी दीपक, सजावट एवं पूजन सामग्री आदि स्थानीय विक्रेताओं से ख़रीदे

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने धनतेरस के दिन सुबह -सुबह सपरिवार कटरा बाजार पहुंचकर स्थानीय व्यापरीयों से स्वदेशी दीपक, सजावट एवं पूजन सामग्री आदि उत्पाद ख़रीदे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए देशभर में कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय नागरिकों और देशवासियों को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी बिक्री हेतु प्रोत्साहित व प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगमायुक्त खत्री अपनी धर्मपत्नी एवं बच्चों सहित कटरा बाजार में दीपावली की खरीदी करने पहुँचे। उन्होंने कटरा में फुटपाथ पर दुकान लगाये स्थानीय महिला से मिट्टी के हस्तनिर्मित दीपक, माला आदि



ख़रीदे। बच्चों ने सुंदर रंगों से सजे मिट्टी के गुल्लक खरीदे। निगमायुक्त ने विभिन्न दुकानों पर पहुंचकर विक्रेताओं से संवाद भी किया और स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित भी किया। ताकि अधिक से अधिक देशवासी स्वदेशी वस्तुओं को खरीदकर देश को आर्थिक मजबूती प्रदान करने में सहयोगी बन सकें।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा की भारतीय संस्कृति में त्यौहारों उत्सवों आदि का बड़ा महत्व है जहाँ एक ओर त्यौहार उत्सव रहवासियों में आपसी मेलमिलाप और अपनत्व को बढ़ाते हुए सांस्कृतिक विकास में अद्वितीय भूमिका निभाते हैं वहीं दूसरी ओर ये उत्सव व्यापारिक गतिविधियों को फलने फूलने का अवसर प्रदान कर आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण रूप से shatrughankesharwani.@gmail.com सहयोगी हैं। त्योहारों का समय निकट आते ही प्रत्येक छोटे से छोटे स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर उत्साह और सकारात्मक आसा की चमक दिखाई देने लगती है।

मजदूरों कारीगरों की महीनों की मेहनत का परिणाम उनके उत्पाद की बिक्री के रूप में मिलता है। हमारे समाजिक तानेबाने में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के तहत छोटे हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों के रूप में नागरिकों के परिवार के परिवार युवा, पुरुष, महिलाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी कार्य करते हैं और स्थानीय उत्पादों के निर्माण, पैकिंग व बिक्री में सहयोग करते हैं।

# पी.एम. स्वनिधि योजना ने बदली विवेक की जिंदगी

**सागर।** नगर पालिक निगम सागर कटरा बाजार के रहने वाले विवेक पटेल का जीवन कभी संघर्षों से भरा हुआ था। विवेक बताते है कि वह एक फल विक्रेता हैं, कभी कभी फल खरीदने के लिए लागत के लिए पैसे काम पड़ जाने के कारण फल विक्री का व्यवसाय अच्छे से नहीं चल पता था। विवेक बताते है कि मुझे नगर निगम सागर के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा ज्ञात हुआ की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हम जैसे फुटपाथ पर विक्रय करने वालों के लिए प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना चलाई जा रही है। जिसमें मुझे 10000 रु. तक का लोन मिल सकता है। मैंने पथ विक्रेता पंजीयन हेतु ऑन लाईन आवेदन किया एवं ऋण आवेदन फार्म भरा। बैंक द्वारा मेरा लोन 20 दिन के अन्दर स्वीकृत एवं वितरित कर दिया गया और मुझे 10000 रू. राशि प्राप्त हो गई है। जिससे मेरा व्यवसाय अच्छे से चलने लगा। जिससे मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी होती जा रही है। मुझे अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिये द्वितीय किस्त राशि का ऋण भी प्राप्त हुआ है। जिससे मैंने फल व्यवसाय को बढाया और अब बैंक के द्वारा 20000/- रू.का ऋण मिल गया जिससे मेरे व्यवसाय में और भी वृद्धि होने लगी है। यह शासन की बहुत अच्छी योजना है। विवेक पटेल कहते हैं कि वे सरकार की इस योजना के लिए बहुत आभारी हैं और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देता हूं । वे कहते हैं कि शासन की ऋण योजनाओं से मेरा जीवन पहले से बेहतर हुआ है। उन्होंने बताया कि कैसे इस योजना ने उन्हें एक नया जीवन दिया है और वे अब अपने परिवार के साथ खुशी से रह रहे हैं। ज्ञातव्य है कि रेहड़ी-पटरी वाले अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और शहरवासियों के घर तक किफायती दरों पर वस्तुओं और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोविड-19 और उसके परिणामस्वरूप लगे लॉकडाउन ने रेहड़ी-पटरी वालों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

# स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण को जीवन का संकल्प बनाएं : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री मानसरोवर मेडिकल कॉलेज में धनवंतरी पूजन में हुए शामिल



**भोपाल।** स्वस्थ समाज का निर्माण चिकित्सा विज्ञान के साथ ही पर्यावरण की शुद्धता से संभव है। जब तक हमारा जल, वायु और भूमि प्रदूषणमुक्त नहीं होंगे, तब तक किसी भी चिकित्सा पद्धति के परिणाम स्थायी नहीं हो सकते। उक्त विचार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्यक्त करते हुये छात्रों और चिकित्सकों का आह्वान किया कि वे चिकित्सा के साथ-साथ स्वच्छता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण को जीवन का संकल्प बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीहोर जिले के ग्राम गादिया-बिलकिसगंज स्थित मानसरोवर मेडिकल कॉलेज में धनतेरस के अवसर पर शनिवार को आयोजित धनवंतरी पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जल से हम सभी के जीवन की उत्पत्ति हुई है, वैसे ही जीवन की रक्षा और स्वास्थ्य का आधार भी जल से ही जुड़ा है। भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और उन्होंने अमृत के रूप में स्वास्थ्य, आयु और ऊर्जा का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान धनवंतरी आयुर्वेद के प्रथम आचार्य माने जाते हैं, जिन्होंने मानवता को स्वस्थ और दीर्घायु रहने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि धनतेरस केवल धन-संपदा की पूजा का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें शरीर, मन और आत्मा की पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एलोपैथी, आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं न कि प्रतिस्पर्धी। एलोपैथी जहां त्वरित राहत देती है, वहीं आयुर्वेद शरीर की जड़ों से रोगों को खत्म करता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भगवान धनवंतरी का संदेश केवल औषधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संदेश है कि 'स्वास्थ्य ही जीवन का सच्चा धन है।' उन्होंने कहा कि आयुर्वेद ने हमें यह सिखाया है कि भोजन, दिनचर्या और प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने से रोग अपने आप दूर रहते हैं। भगवान धनवंतरी के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने हजारों वर्ष पूर्व थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के बीच अनुसंधान को प्रोत्साहन दिया जा रहा है ताकि दोनों की श्रेष्ठता समाज के हित में उपयोगी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनतेरस का यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि - शरीर, मन और प्रकृति तीनों का संतुलन ही सच्चा धन है। इस अवसर पर कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, सन्नी महाजन, मानसरोवर कॉलेज की चांसलर मंजुला तिवारी एवं गौरव तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं छात्र उपस्थित थे।

# दीपावली पर्व कार्यकर्ताओं के जीवन में सुख-समृद्धि लाए : यति

## धनतेरस पर्व पर जिला कार्यालय में विधि विधान से की पूजा अर्चना



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति, प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन, अग्रसेन चौक सोमवारा में धनतेरस के अवसर पर भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भोपाल जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि भगवान धन्वंतरि की कृपा से सभी कार्यकर्ताओं और आम जन को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और समृद्ध जीवन की प्राप्ति हो। धनतेरस का पर्व प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं के जीवन में खुशियां, सुख-समृद्धि लेकर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक नागरिक सुखी रहे, संपन्न रहे और जीवन में लगातार आगे बढ़े। यति ने प्रदेश के नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं को धनतेरस के साथ-साथ दीपावली पर्व की भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मनोज राठौर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, इंद्रजीत राजपूत, राघवेंद्र द्विवेदी दादू, शंकर मकोरिया, राहुल राजपूत, बासित दीक्षित, अश्वनी राय, राजकुमार विश्वकर्मा, डॉ. योगेंद्र मुखरैया, रवि शर्मा, योगेश परमार, राजू अनेजा, राजेंद्र गुप्ता सहित पार्टी एवं जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रीवा से रूस तक संस्कृति का उत्सव - विंध्य की कला और परंपरा को मिलेगी नई ऊँचाई : राजेन्द्र शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने किया 'रेवा फिल्म्स फेस्टो 2025' के पोस्टर का शुभारंभ




**भोपाल/रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शनिवार को रीवा में 'रेवा फिल्म्स फेस्टो 2025' के पोस्टर का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'रीवा से रूस तक का यह संस्कृति का उत्सव विंध्य की कला, संगीत और परंपरा को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।' उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल क्षेत्रीय कलाकारों को मंच देते हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विंध्य की पहचान को और सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे, हरिकृष्ण चारी, शिवम् द्विवेदी, हिरेंद्र सिंह, डॉ. शिवशंकर सिंह, आशुतोष तिवारी, डॉ. शैलेन्द्र सोनी, अमित पटेल, उदित गर्ग, प्राप्ती तिवारी सहित डेज सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि तीन दिवसीय 'रेवा फिल्म्स फेस्टो' में रूस के प्रतिनिधि कलाकारों के साथ बॉलीवुड और हॉलीवुड की कई नामचीन हस्तियां भी शामिल होंगी। फेस्टो में गीत-संगीत, फैशन शो, पेंटिंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच तैयार किया जाएगा। गौरतलब है कि रीवा और रूस के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक तीन प्रमुख संबंध हैं, जिनके परिप्रेक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। 12 से 14 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव को लेकर रीवा में उत्साह का वातावरण है। माना जा रहा है कि यह फेस्टो विंध्य को रष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

# बीएमएचआरसी में पैथोलॉजी व ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में एमडी कोर्स शुरू

## नैशनल मेडिकल काउंसिल ने दो-दो सीटों को मंजूरी दी

**भोपाल।** भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में चिकित्सा शिक्षा के दायरे का और विस्तार हुआ है। नैशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) ने संस्थान के पैथोलॉजी तथा इम्युनो हीमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग में एमडी कोर्स शुरू करने की अनुमति दे दी है। दोनों विभागों को दो—दो सीटें आवंटित की गई हैं। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने इस अनुमति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्नातकोत्तर छात्र जुड़ने से विभागों की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ तकनीकी दक्षता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इससे अनुसंधान के अवसर भी विस्तृत होंगे और गुणवत्तापूर्ण रोगी-सेवा को और मजबूती मिलेगी। वर्तमान में बीएमएचआरसी के आठ विभागों में पहले से एमडी/एमएस अथवा सुपरस्पेशियलिटी कोर्स संचालित हैं। एनेस्थीशियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, नेत्र रोग और मनोचिकित्सा में एमडी/एमएस कोर्स चल रहे हैं, जबकि कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, न्यूरोसर्जरी और यूरोलॉजी में सुपरस्पेशियलिटी कोर्स (डीएम/एमसीएच) संचालित हैं। इन कोर्सों में वर्तमान में 35 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

संस्थान का कहना है कि आने वाले समय में पल्मोनरी मेडिसिन सहित कुछ अन्य विभागों में भी पीजी अथवा सुपरस्पेशियलिटी कोर्स शुरू करने की संभावना है, जिससे बीएमएचआरसी को एक उन्नत शिक्षण व शोध केंद्र के रूप में और सुदृढ़ पहचान मिलेगी।

# पटाखा गन चेक करते वक्त फायर, बच्चे की आंख डैमेज एम्स ने जारी की चेतावनी

**भोपाल।** पटाखा गन से 11 साल के बच्चे की आंख की पलक जल गई। हादसे में बच्चे की पुतली पर सफेदी छा गई। यह इस साल की दिवाली से जुड़ा पहला मामला है जो गांधी मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में पहुंचा। अब बच्चे की आंख बचाने के लिए शनिवार को सर्जरी की जाएगी। घटना गुरुवार रात की है, जब बच्चा पटाखा गन लोड कर उसे चेक कर रहा था। तभी फायर हो गया और पटाखा सीधे आंख में जा लगा। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को प्राथमिक इलाज के बाद सभी जरूरी जांचें पूरी कर ली गई हैं।

रिपोर्ट आने के बाद सर्जरी की जाएगी। दूसरी ओर, एम्स भोपाल ने दिवाली से पहले एडवाइजरी जारी की है। इसमें पटाखे फोड़ते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया है।

# पटाखा मार्केट से कार्बाइड पटाखा गन जब्त, एसडीएम ने की कार्रवाई, सामाजिक संगठन ने बच्चों के साथ मनाई दिवाली



**भोपाल।** पटाखा मार्केट से कार्बाइड पाइप गन बेचते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। गोविंदपुरा इलाके के कल्पना नगर में शनिवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए गन जब्त की। इसके बाद एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव ने चार जांच टीमें गठित की हैं, जो पूरे क्षेत्र में सघन जांच कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, जंबूरी मैदान और आसपास के इलाकों में जांच की गई, जहां कल्पना नगर के पास एक व्यक्ति पाइप गन बेचते हुए मिला। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। एसडीएम श्रीवास्तव ने बताया कि पटाखा मार्केट में लगातार निरीक्षण होगा और कार्बाइड पाइप गन बेचते पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच के लिए चार टीमों को तैनात किया गया है। जंबूरी मैदान और आनंद नगर क्षेत्र की जिम्मेदारी पटवारी सुरेंद्र यादव और आशीष मिश्रा को दी गई है, जबकि टीआईटी गोविंदपुरा क्षेत्र में महेश राजन और विमलेश गुप्ता, करोंद कलां में फजल अब्बास और लेखराज लोधी तथा छोला क्षेत्र में नीरज विश्वकर्मा और रविंद्र मार्को को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इधर, केजीएन सोशल फाउंडेशन ने गरीब बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया। फाउंडेशन के मुन्नवर खान ने बताया कि अलग-अलग इलाकों से करीब 125 बच्चों को बुलाया गया था। मयूर पार्क में बच्चों के साथ आतिशबाजी की गई, मिठाइयां और उपहार बांटे गए। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का मकसद है कि हर त्योहार पर गरीब बच्चों को भी खुशी का अनुभव हो।

# रेल यात्रा में पटाखे व ज्वलनशील वस्तुएँ ले जाना सख्त प्रतिबंधित

## नियम उल्लंघन पर जुर्माना व जेल - रेलवे ने बढ़ाई निगरानी

**भोपाल।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेल यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के पटाखे, विस्फोटक या ज्वलनशील वस्तुएँ साथ न रखें। यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडल ने प्रमुख स्टेशनों और गाड़ियों में चेतावनी संबंधी स्टीकर लगाए हैं तथा निगरानी एवं जांच व्यवस्था को और अधिक कड़ा किया गया है। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पटाखे, पेट्रोलियम पदार्थ, गैस सिलेंडर, केरोसिन, स्टोव, लाइटर, सूखी झाड़ियाँ या पत्तियाँ जैसी सामग्री साथ ले जाना अत्यंत जोखिमपूर्ण है और भारतीय रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 67, 164 और 165 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इन नियमों के उल्लंघन पर 1000 तक का जुर्माना, तीन वर्ष तक की कैद अथवा दोनों का प्रावधान है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल मंडल द्वारा विशेष निगरानी अभियान संचालित किया जा रहा है। रेल प्रशासन का कहना है कि दीपावली के समय पटाखों के कारण होने वाली दुर्घटनाएँ प्रायः गम्भीर रूप ले लेती हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर जन-धन की हानि संभव है। इसलिए यात्रियों को सावधानी बरतने और नियमों के सख्त पालन की सलाह दी गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेल यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की ज्वलनशील वस्तु अपने साथ न रखें। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत सुरक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य सहयात्रियों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

# मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के रितेश सरोठिया को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

## वन्यजीव अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट भूमिका के लिए यूनाइटेड नेशन का 'एशिया एनवायरमेंटल इन्फोर्समेंट अवॉर्ड'



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के उप वन संरक्षक (भावसे) रितेश सरोठिया को वन एवं वन्य-जीव अपराधों की रोकथाम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया है। उन्हें वर्ष 2024-25 के लिए 'द एशिया एनवायरमेंटल इन्फोर्समेंट रिकगनिशन ऑफ एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार यूएनईपी द्वारा 17 अक्टूबर को बैंकाक (थाईलैंड) में आयोजित वर्चुअल समारोह में प्रदान किया गया। संयुक्त राष्ट्र यह अवॉर्ड उन अधिकारियों और संस्थाओं को देता है जो सीमा-पार पर्यावरणीय अपराधों की रोकथाम, वन्यजीव संरक्षण और अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन के क्षेत्र में नेतृत्व और सफल कार्रवाई का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष भारत, चीन, इंडोनेशिया और सिंगापुर के कुल 7 अधिकारियों/संस्थाओं को विभिन्न श्रेणियों में यह सम्मान दिया गया। रितेश सरोठिया ने अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी नेटवर्क पर निर्णायक कार्यवाही करते हुए भारत, चीन, नेपाल, भूटान और म्यांमार में फैले संगठित गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई अंजाम दी है। विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्होंने वन अपराध में शामिल कई सरगनाओं को गिरफ्तार कराया और वैज्ञानिक अन्वेषण के आधार पर उन्हें सजा दिलाई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश और वन विभाग के उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने हाल के वर्षों में 1500 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस इकाई की कार्रवाई की सराहना इंटरपोल द्वारा भी 4 बार की जा चुकी है। सरोठिया को इससे पूर्व भी तीन अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं।

# बीएसएनएल ने दिवाली बोनान्ज़ा लॉन्च किया उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स

**भोपाल।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने दीपावली के अवसर पर देशभर के उपभोक्ताओं के लिए विशेष 'दिवाली बोनान्ज़ा' ऑफर की घोषणा की है। इन ऑफर्स का उद्देश्य डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना और उत्सव के दौरान उपभोक्ताओं को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। दिवाली बोनान्ज़ा की घोषणा करते हुए बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे. रवि ने कहा कि यह योजना तकनीक और परंपरा को जोड़ते हुए लोगों के बीच जुड़ाव और खुशियाँ बाँटने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति-चाहे विद्यार्थी हो, व्यापारी हो या वरिष्ठ नागरिक-त्योहारों के समय अकेलापन महसूस न करे। बीएसएनएल, मध्यप्रदेश परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार ने स्कीम का विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि यह विशेष प्रमोशन 15 अक्टूबर से 15 नवंबर 2025 तक संचालित रहेगा। इसके तहत केवल 1 के टोकन एक्टिवेशन चार्ज पर नए उपभोक्ता 30 दिनों तक अनलिमिटेड वॉयस कॉल, प्रतिदिन 2 जीबी हाई-स्पीड डेटा, 100 एसएमएस प्रतिदिन और मुफ्त सिम कार्ड का लाभ उठा सकेंगे। त्योहारी ऑफर के तहत 18, 19 और 20 अक्टूबर को बीएसएनएल सेल्फ-केयर ऐप या वेबसाइट के माध्यम से 100 या उससे अधिक का रिचार्ज करने वाले सभी उपभोक्ता दैनिक लकी ड्रॉ में शामिल होंगे। लकी ड्रॉ के माध्यम से हर दिन 10 उपभोक्ताओं को 10 ग्राम का सिल्वर कॉइन प्रदान किया जाएगा। बीएसएनएल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी विशेष 'सीनियर सिटिजन प्लान-1812' लॉन्च किया है, जो केवल नए कनेक्शन के लिए उपलब्ध होगा। इस प्लान में 365 दिन की वैधता के साथ प्रतिदिन 2 जीबी डेटा, अनलिमिटेड कॉल, 100 एसएमएस प्रतिदिन और एक मुफ्त सिम उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीएसएनएल ने 'गिफ्ट अ रिचार्ज' सुविधा भी शुरू की है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता अपने प्रियजनों को रिचार्ज उपहारस्वरूप भेज सकेंगे।

# नशा अंधकार का मार्ग, संयम और सकारात्मकता ही सच्चा प्रकाश : जिला न्यायाधीश खान

## बंदी सुधार की ओर सार्थक पहल : विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




**भोपाल।** दीपावली के पूर्वावलोकन पर उपजेल देपालपुर में बंदियों को सकारात्मक जीवन, नशामुक्ति और आत्म-सुधार के संदेश के साथ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। तहसील विधिक सेवा समिति, देपालपुर के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं समिति के अध्यक्ष हिदायत उल्ला खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने बंदियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि 'नशा व्यक्ति को अंधकार और पतन की ओर ले जाता है, जबकि संयम, सदाचार और सकारात्मक सोच ही सच्चे प्रकाश का मार्ग प्रशस्त करती है।' उन्होंने बंदियों से आत्मीय संवाद कर उन्हें जीवन में आत्म-सुधार अपनाने और समाज तथा परिवार के प्रति उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला न्यायाधीश खान ने उपजेल के भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शिविर से बंदियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और नशा-मुक्त जीवन की नई सोच का संचार हुआ। इस अवसर पर देपालपुर न्यायालय की न्यायाधीशगण रिजवाना कौसर, सुमित्रा ताहेड़ एवं दिव्या श्रीवास्तव, सहायक जेल अधीक्षक आर.एस. कुशवाह, प्रमुख प्रहरी रामेश्वर झाड़िया, प्रहरी विवेक शर्मा, महिला प्रहरी आरती सोलिया व एकता पटेल, स्टाफ नर्स शिवानी श्रीवास्तव, टेक्निकल असिस्टेंट इंदल राय, नायब नाजिर दिलीप यादव, आदेशिका वाहक मुकेश खत्री सहित संपूर्ण जेल स्टाफ एवं बंदी उपस्थित रहे।

# विद्युत सब स्टेशन में बड़ा हादसा: आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बुधनी में बिजली विभाग की लापरवाही से एक दर्दनाक हादसा हो गया। माना विद्युत सब स्टेशन में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी योगेश उइके (30) की अचानक बिजली सप्लाई शुरू होने से करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार पांडाडो निवासी योगेश उइके सब स्टेशन में बिजली सुधार का कार्य कर रहा था। तभी अचानक बिजली की सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद साथी कर्मचारी और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# जबलपुर में 'सिलसिला' व 'तलाशे जौहर' कार्यक्रम आज

## उर्दू अकादमी की पहल- नए रचनाकारों को मंच, वरिष्ठ शायरों की प्रेरक उपस्थिति



**भोपाल/जबलपुर।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला अदब गोशा, जबलपुर द्वारा रविवार को दोपहर 12 बजे से 'सिलसिला एवं तलाशे जौहर' कार्यक्रम का आयोजन जानकी रमण महाविद्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक राशिद राही के सहयोग से किया जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने बताया कि 'सिलसिला' के अंतर्गत प्रदेशभर के जिलों में काव्य, साहित्यिक और सांगीतिक गोष्ठियों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसमें उन रचनाकारों को मंच दिया जा रहा है जिन्हें अब तक अकादमी के आयोजनों में कम अवसर मिले हैं। इसी कड़ी में जबलपुर में आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय और उभरते प्रतिभाशाली कवि-शायरों को नया मंच प्रदान करेगा। जिला समन्वयक राशिद राही ने जानकारी दी कि कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र में दोपहर 12 बजे 'तलाशे जौहर' प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें नए रचनाकार तत्कालिक लेखन के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करेंगे। दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें 'सिलसिला' के तहत व्याख्यान एवं रचनापाठ संपन्न होगा। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। रचनापाठ में विशिष्ट आमंत्रित शायरों में जबलपुर के उस्ताद शायर बाबू अनवर निज़ामी तथा दमोह के वरिष्ठ शायर ताहिर दमोही शामिल होंगे। स्थानीय शायरों व साहित्यकारों में सूरज राय सूरज, हेमराज राज़ सागरी, फ़ारूक़ अशरफ़, विनोद नयन, ख़ुर्शीद आलम, प्रतिभा पटेल, जावेद नाज़, अरशद नूरी, अश्विनी पाठक, डॉ. रानू रुही, जावेद अतीक़ी, शिवम सोनी, अजय मिश्रा अजय, उबेद मोहसिन और अरमान जबलपूरी अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। डॉ. नुसरत मेहदी ने जबलपुर के सभी साहित्य और कला प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# नवविवाहिता ने एसिड पीकर दी जान ससुरालवालों पर मामला दर्ज

**ग्वालियर।** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 21 वर्षीय नवविवाहिता विमलेश बघेल ने दहेज में मुर्रा भैंस न मिलने पर ससुरालवालों की लगातार प्रताड़ना से तंग आकर एसिड पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। विमलेश की शादी 31 जनवरी 2024 को माधौगंज निवासी दिनेश बघेल से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दिनेश, सास-ससुर, जेठ और जेठानी उस पर दहेज में भैंस न लाने को लेकर अत्याचार कर रहे थे। बताया गया कि मृतका के भाई के पास कई भैंसे हैं, इसी कारण ससुरालवाले उससे एक मुर्रा भैंस की मांग कर रहे थे ताकि उनका डेयरी व्यवसाय चलता रहे। 20 सितंबर को पति और ससुरालवालों ने विमलेश के साथ मारपीट की, जिसके अगले ही दिन उसने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली।

# दोस्त की बेरहमी से हत्या, मां से अफेयर के शक में तीन युवकों ने दिया वारदात को अंजाम



**भोपाल।** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां तीन युवकों ने अपने ही दोस्त की पहले गला रेतकर और फिर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। आरोपियों में से एक को शक था कि उसकी मां और मृतक के बीच संबंध हैं। इसी शक के चलते उसने अपने साथियों के साथ मिलकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दे दिया। दो दिन पहले ही उन्होंने मृतक को घर के आसपास न दिखने की चेतावनी दी थी और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। डीसीपी आशुतोष गप्ता के अनुसार मृतक आशीष उइके (25) पुताई का ठेका करता था और हबीबगंज क्षेत्र के श्याम नगर मल्टी में रहता था। उसका रंजीत सिंह, विनय यादव और निखिल यादव से पुराना विवाद चल रहा था। शनिवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि मल्टी के पास एक युवक की लाश खून से लथपथ हालत में पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच की तो गले पर धारदार हथियार के निशान और सिर पर पत्थर से वार के गहरे घाव मिले। पास ही खून से सना बड़ा पत्थर पड़ा था, जिससे वारदात में इस्तेमाल होने की पुष्टि हुई। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया है और हत्या की वजह की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए पूछ-ताछ कर रही है।

## सुविचार

**जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।**
**-स्वामी भजनानंद**

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 29वाँ वर्ष

## संपादकीय

# शिवानी : हिंदी साहित्य की सहज, संवेदनशील और सशक्त आवाज़

**अनीता चौबे**

हिंदी साहित्य का यह सचमुच बहुत प्यारा पन्ना है – शिवानी का पन्ना। वह लेखिका, जिसने नारी को किसी आदर्श मूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सांस लेती, दुख-सुख से जूझती, संघर्ष करती और फिर भी गरिमा से जीती मानव स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया।

शिवानी के साहित्य में वह स्त्री बोलती है जिसे समाज ने सदियों से मौन रहने की आदत डाल दी थी। उनकी कहानियों की 'किशुनकली', 'लता', 'काखी' या 'मृणाल' – सब एक ही सच्चाई की प्रतिनिधि हैं- स्त्री के दुख को देखने वाला समाज, पर उसे समझने वाला कोई नहीं।

वह समाज जो अपराध को नहीं, अपराधी को छिपा लेता है; दोष स्त्री का ठहराता है और अपने पुरुष-प्रधान न्याय को धर्म का रूप दे देता है।

शिवानी ने नारी के अंतर्मन की वे गहराइयाँ खोलीं, जिन्हें अक्सर साहित्य में या तो आदर्श के पर्दे से ढका गया या भोग की वस्तु बनाकर अपमानित किया गया। किंतु उन्होंने न तो नारी के प्रति दया दिखाई और न पुरुष के प्रति घृणा। उन्होंने दोनों को मानवीय धरातल पर रखकर देखा – जहाँ स्त्री करुणा की नहीं, सम्मान की पात्र है।

उनकी लेखनी में कोई विद्रोह नहीं था, पर उसमें शक्ति की लहरें थीं। उन्होंने कहा नहीं, पर अपने हर पात्र के माध्यम से यह सिद्ध किया कि स्त्री अब मौन नहीं है – वह बोलती है, सोचती है और अपने अस्तित्व का दावा करती है।

शिवानी का साहित्य न किसी आंदोलन का शोर है, न किसी विचारधारा की कठोरता – वह संवेदना का धीमा, पर अडिग प्रवाह है। उन्होंने जीवन को उसकी पूर्णता में जिया – पति की अकाल मृत्यु, पारिवारिक जिम्मेदारियाँ, और फिर भी लेखन की निरंतरता – यह सब उनके भीतर की तपस्या का प्रमाण है।

अमृतलाल नागर ने उन्हें ठीक ही कहा था – तुम्हें घुलकर नहीं, तपकर जीना है। और उन्होंने सचमुच उस तप की ज्वाला को शब्दों में ढाल दिया।

आज जब हम उनकी 102वीं जयंती मना रहे हैं, तब यह प्रश्न भी उठता है – क्या हिंदी साहित्य ने उन्हें वह सम्मान दिया, जिसकी वे हकदार थीं? शायद नहीं। लेकिन उनका लेखन, उनकी भाषा, उनका दृष्टिकोण – आज भी पाठकों के हृदय में उतना ही जीवित है।

शिवानी, हिंदी साहित्य की वह धरोहर हैं जो हमें यह सिखाती हैं कि सादगी, संवेदना और सच्चाई – ये तीनों मिलकर किसी भी लेखन को अमर बना देते हैं।

# दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व

**ललित गर्ग**

> दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं।

दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं।

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मर्यादा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है-अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है। दीपावली अब केवल राष्टीय ही नहीं, अन्तर्राष्टीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है।

दीपावली का एक और महत्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी-सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विंष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, ÷सच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने।÷ यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा।

दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है।

## भृंगराज से सेहत...

भृंगराज सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है, जैसे बालों के स्वास्थ्य, लिवर को मजबूत करने, त्वचा की समस्याओं को दूर करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। यह पाचन को बेहतर बनाता है, मानसिक शांति देता है और कफ व वात विकारों से राहत दिलाता है। इसका उपयोग तेल, पाउडर या पानी के साथ किया जा सकता है, लेकिन इस्तेमाल से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना उचित है।

### बालों के लिए

- बालों के झड़ने, सफेद होने और गंजेपन को रोकता है।
- बालों की जड़ों को मजबूत और घना बनाता है।
- रूसी और स्कैल्प के संक्रमण को दूर करने में मदद करता है।

### लिवर और पाचन के लिए

- लिवर को स्वस्थ रखने और फैटी लिवर जैसी समस्याओं में फायदेमंद है।
- पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज व अपच से राहत दिलाता है।
- पित्त को कम करने में मदद करता है।

### त्वचा के लिए

- दाग-धब्बे, झाइयां और मुंहासे जैसी त्वचा की समस्याओं में सुधार करता है।
- त्वचा की जलन और संक्रमण को कम करता है।
- त्वचा को चमकदार बनाता है और झुर्रियां कम करता है।

### अन्य लाभ

- रोग प्रतिरोधक क्षमता- यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करता है।
- मानसिक स्वास्थ्य- तनाव कम करता है, मानसिक शांति देता है और अच्छी नींद लाने में सहायक है।
- श्वसन संबंधी समस्याएं- खांसी और अस्थमा जैसी समस्याओं में राहत दिला सकता है।
- किडनी- किडनी के रोगों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

### उपयोग करने का तरीका

- तेल- भृंगराज के तेल से स्कैल्प की मालिश करें।
- लेप- त्वचा की समस्याओं के लिए भृंगराज के रस या पेस्ट का लेप लगा सकते हैं।

# दीपावली - धर्म, संस्कृति और समरसता का संगम

**महेन्द्र तिवारी**

भारतवर्ष पर्वों और त्यौहारों की भूमि है। यहाँ का प्रत्येक पर्व केवल आनंद या उत्सव का अवसर नहीं होता, बल्कि वह जीवन के किसी गूढ़ सत्य, आध्यात्मिक मूल्य या सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सबसे ऊँचा और विशिष्ट है। यह वह पर्व है जो हर भारतीय के हृदय में उजाले, उल्लास और नवसृजन का संकल्प जगाता है। दीपावली, जिसे 'दीपों की पंक्ति' कहा गया है, केवल घर-आँगन को प्रकाशमान करने का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा के अंधकार को मिटाने का प्रतीक भी है। इसका अर्थ है–अंधकार पर प्रकाश की विजय, बुराई पर अच्छाई का जयघोष और अज्ञान पर ज्ञान का प्रकाश।

दीपावली का पर्व हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या की रात को मनाया जाता है। यह समय जब वर्षा ऋतु का अंत हो चुका होता है और शरद ऋतु की स्वच्छ, उज्ज्वल रात्रियाँ आरंभ होती हैं, तब प्रकृति स्वयं भी दीपावली के उत्सव में सम्मिलित प्रतीत होती है। इस वर्ष दीपावली 20 अक्टूबर 2025 की रात को मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार अमावस्या तिथि दोपहर 3-44 बजे से आरंभ होकर अगले दिन शाम 5-54 बजे तक रहेगी, और प्रदोषकाल यानी सूर्यास्त के बाद का समय 20 अक्टूबर की रात में ही रहेगा। इसलिए इस रात लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। भारतीय समाज में दीपावली की तैयारियाँ कई दिनों पहले से प्रारंभ हो जाती हैं। घरों की सफाई, रंगाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, मिठाइयों का निर्माण, और सजावट का उत्साह चारों ओर छा जाता है। यह सब केवल भौतिक स्वच्छता नहीं, बल्कि मानसिक शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसा विश्वास है कि जिस घर में स्वच्छता, अनुशासन और प्रसन्नता का वास होता है, वहाँ माँ लक्ष्मी स्वतः आती हैं। दीपावली की सुबह लोग स्नान-ध्यान के बाद अपने घर और पूजा स्थल को सजाते हैं। पूजा के समय माता लक्ष्मी को लाल या पीले वस्त्रों पर प्रतिष्ठित किया जाता है। चंदन, कुमकुम, हल्दी और पुष्पों से उनका पूजन किया जाता है, और मिठाइयों व फलों का नैवेद्य अर्पित कर आरती उतारी जाती है। साथ ही भगवान गणेश और कुबेर देव की भी आराधना की जाती है, ताकि बुद्धि, धन और समृद्धि तीनों का संतुलन जीवन में बना रहे। दीपावली के पर्व से जुड़ी अनेक पौराणिक कथाएँ हैं, जो इसकी गहराई और विविधता को दर्शाती हैं। सबसे प्रसिद्ध कथा भगवान राम की है। त्रेता युग में जब श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात अयोध्या लौटे, तो उनके स्वागत में नगरवासियों ने घी के दीप जलाए और सम्पूर्ण अयोध्या को स्वर्ण-ज्योति से आलोकित कर दिया। तभी से दीपावली 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' के रूप में मनाई जाने लगी। एक अन्य कथा के अनुसार इसी दिन माता लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं और उन्होंने भगवान विष्णु को अपना वर चुना था, इसलिए यह दिन 'धन और समृद्धि की देवी' की पूजा के लिए शुभ माना जाता है। हिंदू परंपरा के अतिरिक्त जैन धर्म में भी दीपावली का अत्यंत महत्व है। जैन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि इसी दिन भगवान महावीर ने निर्वाण प्राप्त किया था। उनके अनुयायियों ने उस रात अपने गुरु के ज्ञान-प्रकाश की स्मृति में दीप जलाए थे। इस प्रकार दीपावली केवल हिंदू धर्म का नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की बहुरंगी धार्मिक चेतना का उत्सव है। सिख धर्म में भी यह दिन विशेष महत्व रखता है–गुरु हरगोबिंद सिंह जी की कारावास से मुक्ति इसी दिन हुई थी, जिसे 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस तरह दीपावली संप्रदायों के पार जाकर एक राष्टीय सांस्कृतिक पर्व का स्वरूप ग्रहण कर चुकी है।

दीपावली का पर्व पाँच दिनों तक चलने वाला उत्सव-समूह भी है, जिसमें प्रत्येक दिन की अपनी विशेष पहचान है। धनतेरस से शुरुआत होती है, जब लोग धन के देवता कुबेर और स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि की पूजा करते हैं। अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली मनाई जाती है, जो नरकासुर के वध का स्मरण कराती है। तीसरा दिन मुख्य दीपावली का होता है, जिसमें लक्ष्मी-गणेश की पूजा और दीपदान होता है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा या अन्नकूट पर्व आता है, जब लोग भगवान कृष्ण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पाँचवें दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है, जो भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। इस पंचपर्व परंपरा ने दीपावली को केवल एक रात का उत्सव न रहकर एक सम्पूर्ण सांस्कृतिक पर्व बना दिया है।

दीपावली का एक अन्य पक्ष भी है ङ्क इसका सामाजिक और मानवीय अर्थ। इस दिन लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे से मिलने जाते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं, दीप जलाते हैं और प्रेम तथा सौहार्द का संदेश फैलाते हैं। यह वह अवसर होता है जब परिवार और समाज के बीच की दूरियाँ मिटती हैं। आज के समय में जब शहरी जीवन की व्यस्तता, प्रतिस्पर्धा और एकाकीपन बढ़ता जा रहा है, दीपावली का यह सामाजिक संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भौतिक सम्पन्नता तभी सार्थक है जब उसमें मानवीय संबंधों की ऊष्मा और सामाजिक समरसता भी जुड़ी हो। दीपावली केवल धार्मिक अनुष्ठान का दिन नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति और जीवन-दर्शन का प्रतीक है। मिट्टी के दीपक जब पंक्तिबद्ध जलते हैं तो वे हमें यह सिखाते हैं कि चाहे अंधकार कितना भी घना हो, एक छोटा-सा दीप भी उसे दूर कर सकता है।

## ज्ञानवाणी

### सीमा का सिपाही

राजस्थान की तपती रेत पर, जहाँ दिन में रेत आग की तरह जलती है और रात में ठंडी हवा में सन्नाटा गूंजता है, वहीं खड़ा था बीएसएफ का जवान शंकर सिंह।

चेहरे पर धूप की झुलस, होंठ फटे हुए, पर आँखों में चमक थी – देश की रक्षा की चमक। शंकर का जन्म एक छोटे से किसान परिवार में हुआ था। पिता खेती से किसी तरह घर चलाते थे। माँ हमेशा कहा करती थीं, बेटा, खेत की मिट्टी में सोना नहीं, पर देश की मिट्टी में शहादत का गौरव है।

इन शब्दों ने शंकर के दिल में एक आग जला दी।

बारहवीं पास करते ही उसने बीएसएफ का फॉर्म भरा, फिजिकल दी, और किस्मत ने उसका साथ दिया –वह देश की सीमाओं का प्रहरी बन गया।

गाँव छोड़ते वक्त माँ की आँखों में आँसू थे, पर होंठों पर गर्व।

जा बेटा, अब तू मेरी नहीं, देश की रक्षा करेगा।

पहली पोस्टिंग भारत-पाक सीमा पर मिली।

वहाँ रेत, तूफ़ान, और दुश्मन की चाल – तीनों हर वक्त तैयार रहते थे। रात में 2 बजे पेट्रोलिंग, दिन में 45 डिग्री की गर्मी – यही दिनचर्या थी। फिर भी शंकर हमेशा मुस्कुराता रहता।

एक साथी ने पूछा, यार शंकर, तू हमेशा हँसता क्यों रहता है? यहाँ तो हर पल मौत मंडराती है।

शंकर मुस्कुरा कर बोला, भाई, मौत से डरना हमें नहीं सिखाया गयाज्हमें तो बस मातृभूमि के लिए हँसते हुए जीना और हँसते हुए मरना सिखाया गया है।

एक रात खबर आई कि दुश्मन की ओर से कुछ घुसपैठिए सीमा पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

तेज़ हवा, अंधेरा, और गोलियों की गूँज – हर तरफ अफरा-तफरी थी। शंकर अपनी टीम के साथ तुरंत निकल पड़ा।

अचानक एक गोली उसके कंधे में लगी।

दर्द भयानक था, लेकिन उसने पीछे हटना स्वीकार नहीं किया। उसने साथियों से कहा, पीछे मत हटना, ये हमारी ज़मीन हैज इसे कोई नहीं छीन सकता!

उसकी आवाज़ में ऐसा जोश था कि बाकी जवानों का खून खौल उठा। उन्होंने हमला रोका, और घुसपैठिए भाग खड़े हुए।

जब सब शांत हुआ, शंकर ज़मीन पर गिर पड़ा

चेहरे पर मुस्कान थी, और होंठों पर आखिरी शब्द –

माँ मैंने वादा निभा दिया

अगले दिन गाँव में तिरंगे में लिपटा शंकर का पार्थिव शरीर पहुँचा। पूरा गाँव उमड़ पड़ा।

माँ ने बेटे के माथे पर हाथ रखा, आँसू नहीं बहाए –

बस बोली,मेरा बेटा गया नहीं, वो अब इस मिट्टी में बस गया है पिता ने तिरंगे को चूमा और कहा, जिस धरती ने उसे जन्म दिया, उसी की रक्षा करते हुए उसने प्राण दिए – इससे बड़ी शहादत कोई नहीं। शंकर की कहानी गाँव के हर बच्चे के दिल में बस गई। अब जब भी कोई बच्चा बीएसएफ की वर्दी देखता है,

तो गर्व से कहता है –मैं भी शंकर भैया जैसा बनूँगा।

शंकर तो चला गया, पर उसकी कहानी आज भी हर सीमा चौकी पर हवा के साथ गूंजती है –देश के लिए जो गिरा, वो कभी मिटता नहीं... वो हर सूरज की पहली किरण में मुस्कुराता है।


#### शिक्षा

बीएसएफ का हर जवान सिर्फ एक सैनिक नहीं होता, वो देश की सांसें, माँ की दुआ और मिट्टी की गरिमा होता है।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1469 आरागॉन के फर्डिनेंड द्वितीय ने कैस्टिले के इसाबेला द्व से शादी की, जो कि एक एकल देश, स्पेन में आरागॉन कैस्टिले के एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करता है।
1630 बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया।
1722 फ्रांसीसी सी होफर ने आग बुझाने की मशीन का बनाया।
1739 इंग्लैंड ने स्पेन से युद्ध की घोषणा की।
1781 ब्रिटिश जनरल कॉर्नवॉलिस ने दोपहर 2 बजे यॉर्कटाउन में आत्मसमर्पण किया; जिसके परिणामस्वरूप अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।
1781 ब्रिटिश जनरल कॉर्नविलास ने अमेरिका में आत्मसमर्पण किया, अमेरिकी क्रांति युद्ध का समापन हुआ।
1781 लॉर्ड कार्नवालिस के नेतृत्व में अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-ब्रिटिश सेनाओं ने जॉर्ज टाउन के तहत जॉर्ज टाउन की घेराबंदी को समाप्त करते हुए आधिकारिक तौर पर फ्रेंको-अमेरिकी बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।
1789 जॉन जे ने यूनाइटेडस्टेट्स के पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
1813 लैपजिंग का युद्ध समाप्त हुआ।
1853 हवाई में पहली आटा मिल की शुरुआत की गयी।
1864 अमेरिकी गृहयुद्ध - संघियों के रूप में लगभग दो बार हताहत होने के बावजूद, केंद्रीय सेना देवदार क्रीक की लड़ाई में विजयी हुई।
1872 न्यू साउथ वेल्स में विश्व का सबसे बड़ा सोने का टुकड़ा (215 किग्रा) पाया गया।
1900 पेंटर हेनरी ओ टानर ने पेरिस प्रदर्शनी में मैडल ऑफ़ ऑनर जीता।
1900 जर्मन वैज्ञानिक माक्स प्लांक ने प्लांक का नियम प्रतिपादित किया था। इसे ब्लैक बॉडी एमिशन का नियम भी कहा जाता है।
1904 नामांकन के मामले में देश का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय, फिलीपींस का पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय, मनीला बिजनेस स्कूल के रूप में खोला गया।


## राशिफल


**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। आप अपनी संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे पूरी अवश्य करेंगे। आपके पिताजी को आंखों से संबंधित समस्याएं यदि चल रही थी, तो उससे काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके रहन-सहन के स्तर में भी आप बदलाव कर सकते हैं।


**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपने यदि कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।


**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन चल रही थी। आप अपने घर की रखरखाव के साथ-साथ अपने ऊपर पूरा ध्यान देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको कामों में यदि कोई गलतफहमी चल रही है।



**कर्क राशि:** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कामों को लेकर कुछ कठिनाइयां बनी रहेगी। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा, क्योंकि आपके मित्रों की संख्या में इजाफा होगा।



**सिंह राशि:** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको साझेदारी में कोई काम करने का पूरा लाभ मिलेगा। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।


**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करें। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।


**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर सावधान रहकर आगे बढ़ना होगा और किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी। आपको अपने पिताजी से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।


**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता से भरा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूर्ति हो सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका यदि कोई नया घर खरीदने का सपना लंबे समय से अटक रहा था, तो वह भी पूरा हो सकता है।


**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी बड़ी डील को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो उसे आप फाइनल कर सकते हैं। आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव रहेगा। किसी काम को लेकर यदि आपके मन में संशय बना हुआ है, तो आप उसमें आगे ना बढ़ें। आपका कोई काम आपकी इच्छा के विरुद्ध हो सकता है।


**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। आप किसी काम को लेकर लापरवाही ना बरतें, नहीं तो इससे समस्या हो सकती है। आपको अपने कीमती सामानों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।


**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि रहने वाला है आपको निर्णय लेने की क्षमता का आपको लाभ मिलेगा। जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं वह साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है।


**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी और धन की भी आपके पास कोई कमी नहीं रहेगी। बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

# जर्मनी से प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे फुटबालर

## मिनी ब्राजील विचारपुर के खिलाड़ियो को किया गया सम्मानित

**शहडोल।** मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुके ग्राम विचारपुर के 5 फुटबाल खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण 4 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक जर्मनी में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर जर्मनी से वापस हुए फुटबॉल खिलाड़ी सानिया कुंडे, लक्ष्मी सहीस, सुहानी कोल, वीरेंद्र बैगा, प्रीतम सिंह, मनीष घसिया को विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान में ट्राफी, प्रमाण पत्र एवं टी-शर्ट, प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं की फुटबाल टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।



विधायक ने कहा कि ग्राम विचारपुर को अब मिनी ब्राज़ील ने नाम से जाना जा रहा है यह शहडोल जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ग्राम विचारपुर के फुटबाल खिलाड़ियो की प्रतिभा और जूनून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम सहित अन्य विश्व स्तरीय मंच पर सराहना की है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर आए फुटबाल खिलाड़ी अब अन्य फुटबाल खिलाड़ियो को खेल की आधुनिक तकनीको के बारीकियो से अवगत कराएंगे।

इस अवसर पर फुटबॉल खिलाड़ी सुहानी कोल एवं लक्ष्मी सहीस कोच द्वारा जर्मनी की यात्रा के बारे में अपने विचार साझा किया गया। उन्होंने कहा कि जर्मनी के कोच से फुटबाल खेल की नई-नई खेल तकनीकियों से संबंधित जानकारियां सीखने को मिली है। जो भविष्य में होने वाली फुटबाल प्रतियोगिताओ में काफी मददगार साबित होगी। इस अवसर पर पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के संचालक शारीरिक शिक्षक एवं खेल विभाग डॉ. आदर्श तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा, समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग अजय सोंधिया, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, दयानंद सोंधिया, अनिल सिंह फुटबॉल कोच, यशोदा सिंह, रजनी सिंह फुटबॉल कोच सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं फुटबाल खिलाड़ी उपस्थित रहें। गौरतलब है कि मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर अपने खेल कौशल को निखार रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का उनका जज्बा क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा है। जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब थ्व प्द्हवसेजंकज 4 क्लब ने विचारपुर के खिलाड़ियों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर तक कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फके निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक फुटबॉल तकनीक, फिटनेस, टीम रणनीति और टैक्टिकल गेम प्लानिंग की गहन ट्रेनिंग प्राप्त किया। खिलाड़ियों को गेंद नियंत्रण पासिंग, शूटिंग और रक्षात्मक व आक्रामक रणनीतियाँ सिखाएं गए। विश्वस्तरीय प्रशिक्षण के लिए विचारपुर से कुल पाँच खिलाड़ी और एक महिला प्रशिक्षक का चयन किया जिसमें लक्ष्मी सहीस (कोच), सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार,वीरेंद्र बैगा, मनीष घसिया शामिल रहे।

# स्वास्थ्य जांच एवं टी.बी. जागरूकता अभियान आयोजित

**शहडोल ।** कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में टी.बी. रोग से बचाव, लक्षणों की पहचान एवं समय पर उपचार के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. योगेंद्र कुमार पासवान (नोडल अधिकारी), डॉ. हर्ष सोनी (मेडिकल अफसर), संगीता गुप्ता, प्रियंका शर्मा तथा रविशंकर कटिया (सलाहकार, जिला एड्स नियंत्रण इकाई, शहडोल) उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को टी.बी. एवं एचआईवी जैसे संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी देते हुए उनके रोकथाम व नि:शुल्क उपचार की सरकारी सुविधाओं से अवगत कराया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर, रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।



### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने संदेश दिया -

'जन-जन ने यह ठाना है, भारत को टी.बी. मुक्त बनाना है।' इस अभियान में ठसनम भ्वनेम के स्वयंसेवकों ने शानदार मेहनत, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ सक्रिय भागीदारी की। ठसनम भ्वनेम के कप्तान अनमोल मिश्रा ने कार्यक्रम में नेतृत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं सम्पूर्ण आयोजन वरिष्ठ स्वयंसेवक अनामिका सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक सुचिता तिवारी, जयराज रजक, शाहीन खान, उत्तरा विश्वकर्मा, रचना परस्ते, अनामिका भुंजवा, सोनाली शर्मा, भूमिका चौधरी, तथा स्वयंसेवक रुक्मणि केवट, संध्या प्रजापति, आर्यन सिंह, शगुन सोंधिया प्राप्ति अग्रवाल, पीयूष पाण्डेय, अफसा अंजुम,कौशर मंसूरी, पुष्पा केवट सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# ब्यौहारी महाविद्यालय के दो छात्र राज्य स्तर बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयनित



**ब्यौहारी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार और संभाग स्तरीय बास्केटबाल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय जयसिंहनगर में किया गया इस प्रतियोगिता में अनूपपुर जिला को हराकर शहडोल जिला ने प्रथम स्थान अर्जित किया शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी के तीन छात्रों ने शहडोल जिला का प्रतिनिधित्व किया वहीं दो छात्रों का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता हेतु हुआ सुजल केवट एवं अनुराग गुप्ता दोनों छात्र को महाविद्यालय परिवार के मुखिया एवं प्राचार्य डॉ आरके तिवारी एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और क्रीड़ा अधिकारी विजय प्रताप सिंह एवं क्रीड़ा सहायक सुधांशु सिंह( डब्बू)ने शुभकामनाएं दी ।

# ग्राम पंचायत लेदरा में सीसी रोड बनते ही पूरी तरह हुई क्षतिग्रस्त

**गोहपारू।** अंधेर नगरी चौपट राजा वाली तर्ज पर चल रही जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत में हो रहा विकास कार्य । जिले की ग्राम पंचायतों में अराजकता अपनी हद पार कर अंधेरगर्दी में बदल रहा है, लेकिन जिला प्रशासन के संबंधित सक्षम अधिकारी कड़ी कार्रवाई करने की बजाय पंगु से बने बैठे है। इससे अंधेर मचाने वालों के हौसले बुलंद हैं। ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक ढ़िलाई के कारण विकास कार्यों में गतिरोध सा बना हुआ है। एक तो निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों व क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए नहीं बल्कि सरपंच व सचिव की मंशा के अनुरूप कराए जा रहे हैं। जिसमें धन का दुरुपयोग होता है औरग्राम पंचायतों में चल रहा भ्रष्टाचार का रेला और उसमें बह रही शासकीय राशि देखकर ऐसा लगता है कि जैसे शासन-प्रशासन और कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। जो उसे नियंत्रित कर सके, अगर फील्ड में मौका मुआयना किया जाए तो स्थिति पता चलती है कि निर्माण में किस तरह की अंधेर मचाई जा रही है। गोहपारू जनपद की पंचायतें इस तरह के भ्रष्टाचार में शायद सबसे आगे हैं।



मामला जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत लेदरा का है ग्राम पंचायत लेदरा के सचिव सरपंच के द्वारा ठेकेदारी में काम दे कर सीसी रोड का निर्माण माह जून में कराया गया था शिव मंदिर से लेकर मुकेश पांडे के घर तक लगभग 200 मीटर का रोड का निर्माण कराया गया था जहां पर निर्माण स्थल पर आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की बोर्ड वगैरा नहीं लगवाई गई है पीसीसी रोड में ना तो वाइब्रेटर मशीन का उपयोग किया नाही सही सीमेंट का उपयोग किया गया है और लोकल मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया गया था जिससे आज लगभग 4 महीने में पूरी तरह से सड़क टूट कर क्षतिग्रस्त हो चुका है सड़क के ऊपर धूल एवं गिट्टी उखड़ रही है जिससे यह अंदाजा लगाए जा सकता है कि सरपंच सचिव के द्वारा पंचायत के पैसे की होली खेली गई है एवं पैसे की दुरुपयोग की गई है ग्राम पंचायत लेदरा के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है की लगातार हमारे द्वारा सरपंच सचिव एवं उपयंत्री को बोला गया लेकिन उनके द्वारा अपने मनमर्जी से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है जिसकी यह हालत है कि चलने लायक नहीं है अगर मामले की सत्यता की जांच हो तो सरपंच सचिव के ऊपर पंचायत स्वराज अधिनियम की धारा 1993 के तहत धारा 92 का प्रावधान है एवं जो पैसा पंचायत से निकासी की गई उसे पैसा को सरपंच सचिव से वापस लिए जाने लायक है।

### मानकों का नहीं हुआ पालन

सडक निर्माण के दौरान न तो उपयंत्री ने तकनीकी गुणवत्ता के लिए मार्गदर्शन दिया और न कभी मौके पर हाजिर हुए। सडक में निर्माण गाई के दौरान अगर मानकों का पालन किया जाता एक तो यह दुर्दशा नहीं होत। पूरी सडक में अधिकांशत: मिट्टी का काम किया गया है। पत्थर कहां पर कितने और किस साइज के लगे यह किसी को जानकारी नहीं है। केवल ऊपर से गिट्टियां बिछा दी गई हैं। बरसात आते सी ही सडक दम तोडे लगी है। इस सडक के में निर्माण की जांच की जाकर सरपंच व सचिव से राशि की वसूली की जानी चाहिए और घटिया निर्माण के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।ग्राम पंचायत लेदरा के ग्रामीणों ने की थी 181 पर शिकायत तो सरपंच सचिव व अन्य के द्वारा ग्रामीण को धमका कर शिकायत को बंद करा दी गई हालांकि मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों पर शिकायत पर निराकरण करने को लगातार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा लेकिन सीएम हेल्पलाइन अब धीरे-धीरे धामकी हेल्पलाइन बन चुकी है जिसका जीता उदाहरण ग्राम पंचायत लेदरा का है । क्या खबर प्रकाशित होने के बाद कोई कार्यवाही होती है या मामला सिर्फ फाइल तक सीमित रहेगा।

जब इस संबंध में जनपद पंचायत गोहपारू के सीईओ सुधीर दिनकर से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं उठा ।जब इस पूरे मामले पर उपयंत्री रेखा जी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन बंद रहा।

जब इस संबंध में सचिव लेदरा अमृतलाल यादव से बात की गई तो उनका कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है ग्रामीणों के द्वारा झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

# एक दिया दिवंगत परिजनों के नाम, रंगोली रोशनी से सराबोर होगा मुक्तिधाम परिसर

**विदिशा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार रूप चौदस के पावन पर्व पर संपूर्ण मुक्तिधाम परिसर रोशनी से जगमग होगा। मुक्तिधाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे के मुताबिक हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवंगत परिजनों की याद में एक दिया परिजनों के नाम कार्यक्रम आयोजित करके असमय काल के गाल में समा गए हमारे दिवंगत परिजनों की याद में दीपकों की माला रोशन की जाएगी। सचिव मनोज पांडे के मुताबिक हमारे क्षेत्र के जो भी लोग दिवंगत हुए हैं खास तौर से कोरोना जैसी महामारी मैं असमय जो काल के गाल में समा गए हम अपने परिजनों की याद में एक दीपक उनकी याद में रोशन करेंगे। गौरतलब है कि जिन परिजनों के संग हम सभी ने अपने तीज त्यौहार दीपोत्सव जैसे महापर्व उनके साथ मनाएं लेकिन आज वह हमारे बीच नहीं है बस उसी भावनाओं के मद्देनजर उन्हीं की याद में संपूर्ण मुक्तिधाम परिसर में लगभग 11सौ दीप मालाएं रोशन की जाएगी। मुक्तिधाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे के अनुसार संपूर्ण मुक्तिधाम परिसर में खूबसूरत रंगोली भी बहनों के द्वारा सजाई जाएगी तथा फुलझड़ियां अनार रोशनाई करके हम सभी वैसा अनुभव करने की कोशिश करेंगे जैसा कभी हमने अपने दिवंगत परिजनों के संग उनकी गोद में बैठकर ऐसे उत्सव मनाए हैं। पांडे के मुताबिक आज वह परिजन हमारे बीच में जरूर नहीं है लेकिन उनकी यादें सदा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। मुक्तिधाम सेवा समिति शहर वासियों से यही अपील करती है की दीपक से लेकर सारी व्यवस्थाएं समिति द्वारा की जा रही है बस आप सभी वहां मौजूद होकर एक दिया अपने परिजनों की याद में अवश्य रोशन करें।

### जिला संग्रहालय में स्थित भगवान कुबेर की प्रतिमा की पूज़ा-अर्चना हुई

**विदिशा।** धनतेरस पर धन के देवता कुबेर की पूजा आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ की जाती है। विदिशा जिला संग्रहालय में कुबेर भगवान की 13 से 14 फीट ऊंची पत्थर से निर्मित प्रतिमा मौजूद है। विशेष अनुमति लेकर जिला संग्रहालय में कुछ युवाओं ने भगवान कुबेर की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। सुशील शर्मा ने बताया कि वह अपने साथी पंकज जैन, अमित श्रीवास्तव, अर्पित उपाध्याय, मनजीत सिंह और अन्य लोगों के साथ हर साल यहां पूजा करते चले आ रहे हैं।

# उप मुख्यमंत्री 19 अक्टूबर को करेंगे जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 19 अक्टूबर को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री 19 अक्टूबर को प्रात: 8:00 बजे रीवा से ग्राम परासी जिला अनूपपुर के लिए कार द्वारा प्रस्थान करेंगे, दोपहर 12:30 ग्राम परासी आगमन होगा, दोपहर 1:00 बजे ग्राम परासी से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1:45 बजे अनूपपुर आगमन एवं जिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे, दोपहर 3:00 बजे अनूपपुर से शहडोल के लिए प्रस्थान कर दोपहर 3:45 बजे शहडोल आगमन एवं जिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे। अपराह्न 5:30 बजे शहडोल से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।



# एसपी विदिशा के निर्देशन में संयुक्त अभियान 11 थानों की पुलिस ने मिलकर दी बड़ी सफलता

## ब्राउन शुगर, गांजा, अवैध शराब, हथियार व नगदी सहित 18 लाख का मशरूका बरामद

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह एवं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह की उपस्थिति में विदिशा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।



पुलिस अधीक्षक विदिशा के निर्देश पर 'ऑपरेशन ध्वस्त' के तहत देर रात से शाम तक निरंतर अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नशे के अवैध कारोबारियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, संदिग्ध स्थानों की सघन सर्चिंग एवं अपराधियों पर निर्णायक कार्रवाई करना था। अभियान के दौरान थाना सिविल लाइन क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर पुलिस ने मादक पदार्थों, शराब एवं हथियारों के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त किया।

अभियान की बड़ी सफलता

थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा क्षेत्र में की गई संयुक्त कार्रवाई में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 13 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक), 6 किलो 100 ग्राम गांजा, 10 लीटर अवैध शराब एवं देशी प्लेन मदिरा के 941 क्वार्टर (लगभग 170 लीटर), 1 पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस एवं 1 तलवार, नगदी 14,23,000 सहित कुल बरामद मशरूका का विवरण (कुल कीमत 18 लाख) बरामद दिया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए। आरोपियों कुंदन पिता मंगल सिंह कुचबंदिया, चांदनी पति संजय कुचबंदिया, प्रकाश पिता रमेश कुचबंदिया, छाया पति प्रकाश कुचबंदिया, शालनी पति लोकेश कुचबंदिया, सुधीर उर्फ सिद्धु पिता रमेश कुचबंदिया, गुड्डी बाई पति प्रीतम कुचबंदिया, काजल पति कुंदन कुचबंदिया, बलराम पिता रूप सिंह कुचबंदिया, ज्योति पति जितेन्द्र उर्फ जित्तू कुचबंदिया शामिल हैं। वहीं आरोपियों पर छाया, काजल, सुधीर उर्फ सिद्धु, ज्योति, गुड्डी बाई पर पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस संयुक्त एवं संगठित कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन आर.के. मिश्र, थाना कोतवाली प्रभारी आनंद राज, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित अभियान में अन्य 11 थानों के थाना प्रभारी सहित 100 का बल भी मौजूद रहा।

### एक युवक ने लगाई फांसी

**विदिशा।** मोहनगिरी इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 27 वर्षीय युवक संजू अहिरवार ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान और जांच के बाद ही आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

लोगों की माने तो संजू अविवाहित था और हलवाई का काम करता था। वह पिछले कुछ दिनों से परेशान था। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक या आर्थिक तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसके कारण युवक को अपनी जान देनी पड़ी।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने चिचोली तहसील से खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर दीपावली पर्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिलेभर में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन एवं एसडीएम अभिजीत सिंह के नेतृत्व में गठित जांच दल द्वारा 17 अक्टूबर को चिचोली तहसील में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर नमूने लिए गए।

# आदि कर्मयोगी अभियान में बैतूल को मिला देश में दूसरा स्थान

**बैतूल।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'आदि कर्मयोगी अभियान' में बैतूल जिले ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया। टीम बैतूल को मिली बधाई इस सफलता पर जनजातीय कार्य राज्यमंत्री (भारत सरकार) दुर्गादास उईके ने कलेक्टर सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग विवेक पांडे तथा जिले की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जिले की उपलब्धि पर गर्व राज्यमंत्री उईके ने कहा कि यह सम्मान बैतूल जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों की समर्पित टीम भावना तथा नवाचारपूर्ण कार्यशैली का परिणाम है। जिले ने जनजातीय विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है।



# भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर चीन में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**विदिशा।** कुलदीप सिंह गुर्जर भारतीय मजदूर संघ की ओर से चीन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुर्जर 19 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक चीन के बीजिंग और श्यामेन शहरों में आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेंगे। जिसमें ब्राज़ील, रूस,भारत,चीन और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस सेमिनार का विषय है सतत विकास और ट्रेड यूनियनों की भूमिका है। विभाग प्रमुख महेन्द्र सोनी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के श्रमिक संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ाना और वैश्विक चुनौतियों जैसे तकनीकी परिवर्तन व औद्योगिक बदलाव में ट्रेड यूनियनों की भूमिका को सशक्त बनाना है। गुर्जर का चयन न केवल भारतीय मजदूर संघ की वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है, बल्कि भारत की श्रमिक नीतियों भारतीय मजदूर संघ के दृष्टिकोण को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। गुर्जर जो वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री भी हैं उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की विभिन्न परियोजनाओं में भारतीय मजदूर संघ की ओर से प्रतिनिधित्व किया है। हमें हमारे संगठन भारतीय मजदूर संघ एवं प्रदेश महामंत्री गुर्जर पर गर्व है, जिन्होंने देश ही नहीं सारी दुनिया में अपना परचम लहराया है।




# धनतेरस पर बाजार में जमकर हुई खरीदी

## बाजार की सड़कों पर नजर आया भारी जन सैलाब

**विदिशा।** शनिवार को धनतेरस के अवसर पर नगर के लोग खरीदी करने के लिए बड़ी संख्या में अपने परिवार के साथ निकले और अपनी आवश्यकताओं की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। इस दौरान जिला सहकारी बैंक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा धन के देवता कुबेर की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की गई। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल, कपड़ा बाजार और सराफा बाजार में भी खरीदी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

शनिवार को धनतेरस के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग बाजार में खरीदी करने के लिए निकले और अपने परिवार के साथ अपनी आवश्यकताओं की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। इस दौरान बाजार में अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली। वहीं बाजार में पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व को लेकर बड़े-बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। इस दौरान लोग दो पहिया वाहन भी बाजार में बड़ी मुश्किल से निकाल पा रहे थे। बाजार की स्थिति ऐसी थी कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था और लोग धीरे-धीरे दुकानों पर पहुंचकर अपनी पसंद की सामग्री खरीदते हुए दिखाई दिए।

इलेक्ट्रॉनिक बाजार, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार और मिठाइयों की दुकानों पर अच्छी खासी चहल-पहल देखी गई। लोगों ने धनतेरस के अवसर पर अपने घरों पर पूजा अर्चना की और परिवार की सब समृद्धि की कामना की। धनतेरस के अवसर पर बाजार में मानो ऐसा लग रहा था जैसे पूरा शहर खरीदारी करने के लिए उमड़ पड़ा है। जैसे-जैसे शाम ढलती जा रही थी वैसे-वैसे ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर और आकर्षित स्कीम लागू की गई हैं। जिससे कि लोग अपनी आवश्यकता की वस्तु आसानी से खरीद सकें। इस दौरान कपड़ा बाजार, सोना चांदी बाजार, इलेक्ट्रॉनिक बाजार, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहनों जमकर खरीदारी की गई। दो पहिया वाहन शोरूमों पर अपनी पसंद के अनुसार बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदने के लिए पहुंचे। इसी प्रकार सोना चांदी, कपड़ा बाजार और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी लोगों द्वारा जमकर खरीदारी की गई।

### कलेक्टर ने की धन के देवता कुबेर की पूजा

जिला सहकारी बैंक में भगवान कुबेर की प्रतिमा की धनतेरस के अवसर पर पूजा अर्चना की जाती है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता जिला सहकारी बैंक पहुंचे और धन के देवता कुबेर की पूजा अर्चना की। इसके साथ ही बैंक में मां लक्ष्मी की भी पूजा अर्चना की ग। कलेक्टर ने सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर बैंक के सीईओ विनय प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे



### सोने के वर्क से बनी ड्राई फ्रूट की मिठाई

दीपावली पर्व के अवसर पर लोगों की पसंद और स्वास्थ की चिंता करते हुए मिठाई दुकान संचालकों द्वारा शुद्धता का ध्यान रखा जा रहा है। लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार सभी प्रकार की मिठाइयां बनाई गई हैं। इस दौरान राजस्थान मिठाई संचालक रामू जाट ने बताया कि सोने के वर्क लगाकर ड्राई फ्रूट की मिठाई बनाई गई है। मिठाई गुजिया के रूप में बनाई गई है जो 15000 रूपए किलो बिक रही है और लोगों के लिए काफी पसंद भी आ रही है। उन्होंने कहा कि मलाई बर्फी, काजू कतली और दूध से बनी हुई मिठाइयां लोगों के लिए काफी पसंद आ रही है। सांची रोड स्थित भोपाल मिष्ठान संचालक अंकित नेमा ने बताया कि लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार पसंद को ध्यान में रखते हुए शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि लोगों के स्वास्थ्य में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो और इसलिए दूध की मलाई बर्फी काजू, कतली और ड्राई फूड की मिठाइयां लोगों को काफी पसंद आ रही है

### पटाखा बाजार में पहुंचे विधायक

रामलीला बेला परिसर में पटाखा बाजार लगाया गया है। इस दौरान लोग अपनी आवश्यकताओं के अनुसार रंग बिरंगी आतिशबाजी खरीदने के लिए पहुंचे। इसके साथ ही विधायक मुकेश टंडन पटाखा बाजार पहुंचे और सभी व्यापारियों सहित नगर के लोगों को धनतेरस और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

# धान के खेत में घुसा 6 फीट लंबा मगरमच्छ गांव में मची अफरा-तफरी



**रायसेन।** जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम मडिया देवरी में शुक्रवार-शनिवार रात एक धान के खेत में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मडिया देवरी निवासी किसान बलीराम रजक अपने खेत की रखवाली करने गए थे, तभी उन्हें खेत में कुछ अजीब हलचल नजर आई। पास जाकर देखने पर उन्होंने एक करीब 6 फीट लंबा मगरमच्छ देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों और फिर वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा के निर्देशन में वन विभाग की टीम मौके पर रवाना हुई। रात का समय होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम ने बड़ी-बड़ी सर्च लाइटों की मदद से पूरी सतर्कता के साथ मगरमच्छ को खोजा और सुरक्षित तरीके से पकड़ा। करीब दो घंटे की मेहनत और सूझबूझ के बाद वन विभाग ने मगरमच्छ को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में उसे सुरक्षित रूप से तेंदोनी नदी में छोड़ दिया गया।

**गांव की तेंदोनी नदी से आया होगा मगरमच्छ:-** वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा ने बताया कि यह मगरमच्छ संभवतः पास बहने वाली तेंदोनी नदी या किसी जल स्रोत से खेतों की ओर भटक कर आ गया होगा। अच्छी बात यह रही कि किसी व्यक्ति या पशु को कोई हानि नहीं पहुंची। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी जंगली या जलीय जीव को देखें तो खुद से कोई कदम न उठाएं,बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# धनतेरस पर जमकर बरसा बाजार में धन, ऑटोमोबाइल सराफा व सजावटी दुकानों पर ग्राहकों की उमड़ी भीड

## व्यापारियों को उम्मीद दो दिन में होगी अच्छी खरीददारी,बाजार में चल रहे कई ऑफर



**रायसेन।** शनिवार को धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दीपावली का त्योहार शुरू हो गया। धनतेरस के अवसर पर लोगों ने अपनी-अपनी जरूरतों के हिसाब से घरेलू बर्तन,सोना,चांदी के साथ वाहन आदि खरीदे। वही धनतेरस के मौके पर लोगों ने जमकर सोने चांदी की खरीददारी की,ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दिन सोने चांदी की खरीदी शुभ होती है ओर इसी के चलते महिलाओं ने जमकर सोने चांदी की खरीदी की। रायसेन के सर्राफा बाजार में दिन भर महिलाओं की चहल पहल बनी रही। वहीं रामलीला मार्ग एवं गंज बाजार सहित आदि सर्राफा बाजार में दुकानदारों द्वारा धनतेरस दीपावली पर कई आकर्षक उपहार भी खरीदी पर तय किए हुए है,जिसके चलते महिलाओं में काफी उत्साह बना हुआ है। वहीं शाम होते ही लोगों ने धनतेरस के मौके पर भगवान धन्वतरी की पूजा-अर्चना करते हुए आतिशबाजी भी की। वही शहर में घरों की साज सज्जा के अलावा मॉ. लक्ष्मी की प्रतिमा,मिट्टी के दीया,रंगोली आदि की दुकानें सजी हुई है। वहीं दीपावली को लेकर मिठाईयों की दुकान भी सजना शुरू हो गई है।

**बाइक और ट्रेक्टरों की हुई खरीदी:-** शहर में बाइक शोरूमों पर अच्छी खासी चहल पहल देखने को मिली जहां लोगों ने अपनी पसंद की बाइक खरीदी,कुछ लोगों ने बाइक बुक की। वहीं किसानों ने खेती के लिए ट्रेक्टर खरीदते हुए नजर आए। किसानों के कई आकर्षक स्कीम होने के चलते खेती के लिए जरूरममंद किसानों ने टैक्टर खरीदे। वहीं मिठाईयों एवं बर्तन आदि की दुकानों पर लोगों की चहल पहल देखी गई।

**लोगों की पहली पंसद बनी मिट्टी की मॉ.लक्ष्मी की मूर्ति:-** जिला मुख्यालय के महामाया चौक, गंज बाजार,रामलीला गेट के पास एवं मुखर्जी नगर गेट के पास लक्ष्मी जी की मूर्ति की दुकाने सज गई है,इस बार कलाकारों द्वारा मॉ.लक्ष्मी की आकर्षक मूर्ति इको फ्रेडली बनाई गई है,जो लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही है,मुख्यालय पर करीब दो दर्जन से ज्यादा दुकाने मूर्ति की लगी हुई है,जहां आकर्षक मूर्ति महिलाओं की पहली पसंद है और महिलाएं दीपावली पर मॉ लक्ष्मी की पूजन के लिए मूर्ति एवं अन्य पूजन सामग्री खरीद रही है,जिससे समय पर लक्ष्मी पूजन की तैयारी की जा सके।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृट प्रर्दशन

## भोपाल संभाग के दोनों वर्गों में उपविजेता का खिताब जीता



**सिलवानी।** राज्य स्तरीय अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिलवानी के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 13 से 17 अक्टूबर तक सिटी स्टेडियम सागर में आयोजित की गई,जिसमें मध्य प्रदेश के 10 संभागों की टीमें शामिल हुईं। इस उच्च स्तरीय आयोजन में प्रतिभागियों ने अपने खेल कौशल और अनुशासन से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन संघ एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस आयोजन में बालक एवं बालिका वर्ग के मुकाबले अलग-अलग श्रेणियों में आयोजित हुए। बालक वर्ग के फाइनल में भोपाल और इंदौर के बीच मुकाबला हुआ,जिसमें इंदौर ने बाज़ी मारी और भोपाल को उपविजेता की ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। बालिका वर्ग के फाइनल में भोपाल की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन उज्जैन की टीम ने बेहतर तालमेल और तकनीकी दक्षता के बल पर विजेता पदक हासिल किया। भोपाल की बेटियाँ इस वर्ग में भी उपविजेता रहीं।

# कलेक्टर ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण अग्नि संयत्र चलाने दी जानकारी

## दुकानदारों को शासन से निर्धारित मापदंड का पालन करते हुए पटाखा बेचने दिए निर्देश



**डिंडौरी।** दीपावली के मौके पर उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में जिले के लगभग 50 पटाखे दुकान लगाई गई हैं जिसका आज कलेक्टर डिंडौरी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और सभी दुकानदारों को शासन से निर्धारित मापदंड का पालन करते हुए पटाखा बेचने को कहा साथ ही साथ सुरक्षा की दृष्टि से सभी पटाखा दुकानों में तीन सेट अग्निशामक यंत्र रेत की बाल्टियाँ पर्याप्त पानी और आवश्यक वस्तुएं रखने को कहा साथ ही साथ कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडौरी एसडीओपी डिंडौरी पुलिस,आर आई, तहसीलदार,नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । सभी दुकानदारों को एनडीआर एफ की टीम के द्वारा सभी दुकानदारों को अग्निशामक यंत्र को चलाने की ट्रेनिंग दी गई ताकि कोई घटना ना हो सके।

वहीं कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने नागरिकों से अपील की है कि उत्सव के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि दीपावली आनंद और प्रकाश का पर्व है, इसे सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। थोड़ी सी सावधानी हमारी खुशियों को दोगुना कर सकती है। दीपावली पर सुरक्षा और स्वच्छता का ध्यान रखते हुए त्योहार को आनंद और जिम्मेदारी के साथ मनाने की अपील की है।

# धनतेरस को बिटिया का मनाया जन्मोत्सव' हर बेटी का आत्मीय स्वागत, हर मां का सम्मान

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला अस्पताल डिंडौरी में हुआ विशेष आयोजन



**डिंडौरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत, धनतेरस के शुभ अवसर पर कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय डिंडौरी में 'बिटिया जन्मोत्सव' का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के जन्म को उत्सव की तरह मनाना और समाज में व्याप्त नकारात्मक भ्रांतियों को समाप्त करना है अब समाज बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि गर्व का कारण मान रहा है। यही संदेश इस आयोजन के माध्यम से दिया गया।कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने जिला अस्पताल में जन्मी 20 नवजात कन्याओं को 'बिटिया उत्सव किट' प्रदान किया गया।

### आखिर विशेष 'बिटिया किट' है क्या

लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना से संबंधित पुस्तिकाएं,बच्चियों के लिए छोटे खिलौने, कपड़े, बेबी केयर किट, मिठाइयां, तौलिया और वेट टिशू तथा माताओं के लिए पौष्टिक सोंठ के लड्डू गिफ्ट किए गए।

कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया ने इस अवसर पर कहा 'आज बिटिया का जन्म उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए, क्योंकि बेटियां किसी भी रूप में लड़कों से कम नहीं हैं। आज ऊंचाइयों पर जो सबसे आगे हैं, उनमें बेटियों का ही नाम है।' उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एसडीएम भारती मरावी,सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. रमेश मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, महिला एवं बाल विकास विभाग और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

**ब्यूरो : संतोष सिंह राठौर**

### बिटिया जन्मोत्सव' के माध्यम से डिंडौरी जिला प्रशासन ने दिया यह संदेश –

'हर बेटी का जन्म एक उत्सव है, और हर मां का सम्मान समाज का कर्तव्य।' कार्यक्रम के समापन में अंजु पवन भदौरिया ने सभी माताओं को यह संदेश दिया कि अपनी बिटिया को अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ अच्छी शिक्षा प्रदान करें प्रशासन आपके साथ है

# सूखा करार की बालिकाओं ने जीते पदक मचाई धूम



**रायसेन।** विकासखंड साँची के ग्राम सूखा करार की कु.मेघा लावरिया ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित आल इंडिया रोइंग चैम्पियनशिप में 2 रजत पदक जीते। कु.निरंजना लवारिया ने ऐटा,इवेंट में रजत पदक जीता,वही कु. जमुना लवारिया ने ऐट इवेंट में कांस्य पदक ,बबली लवारिया ने 2 कांस्य पदक जीतकर मध्यप्रदेश एवं रायसेन जिले को गौरवान्वित किया । खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों पर जिला कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा,एसपी पंकज पांडे,जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# आबकारी विभाग ने 35 लीटर कच्ची शराब की जप्त 800 किलो महुआ लाहन के सेंपल लेकर किया नष्ट



**रायसेन।** जिले में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार मदिरा का अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वही सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी के निर्देशन में मण्डल प्रभारी शरद मिश्रा,उपनिरीक्षक वृत शैलेन्द्र भील ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध मदिरा के विरुद्ध गत दिवस चिलवाहा,बड़कुई, घेटा कछार,महुआखेड़ा,में दविश देकर कच्ची एवं महुआ लाहन बरामद होने पर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34. 1 के तहत कुल 05 प्रकरण बना कर जांच की जा रही है। इन सभी प्रकरणों में लगभग 35 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त एवं लगभग 800 किलो महुआ लाहन का सेंपल लेकर नष्ट किया गया।

जप्त अवैध शराब का अनुमानित मूल्य 87000 रूपये है। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक बृजेश बघेल,संतोष मर्सकोले,सत्यवान वर्मा एवं नगर सैनिक का सराहनीय भूमिका रही।

# दीपोत्सव के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क



**नर्मदापुरम।** दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुविभागों में कार्यपालिक दंडाधिकारियों द्वारा पूरी सतर्कता के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। पर्व एवं आयोजनों के दौरान लगने वाले बाजारों एवं पटाखा क्षेत्रों का निर्धारण कर दुकानों का आवंटन किया गया है, जिससे स्थानीय व्यापारी सुगमता के साथ विक्रय कार्य कर सकें। साथ ही पटाखा बाजारों में सुरक्षा मापदंडों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। त्योहारों के मद्देनज़र मिलावटी खाद्य सामग्री पर भी सख्त निगरानी रखी जा रही है। खाद्य एवं मिष्ठान भंडारों से मिठाई एवं खाद्य सामग्री के नमूने लेकर उनकी नियमित जांच की जा रही है। इसके साथ ही नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम तहसीलदार नगर सरिता मालवीय एवं उनके सहयोगी दल द्वारा आवासीय क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौराहे के पास अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं विक्रय किए जाने पर मौके स्थल पहुंचकर जांच की गई। इसी प्रकार गुप्ता ग्राउंड में पटाखा बाजार में दुकानों की जांच कर दुकानदारों को आवश्यक सुरक्षात्मक सावधानियां बरतने के लिए निर्देशित किया गया। एसडीएम इटारसी द्वारा भी दीपावली बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की गई। इस दौरान तहसीलदार शक्ति तोमर एवं अन्य राजस्व अमला उपस्थित रहा।


**पश्चिम मध्य रेल** — वाणिज्य विभाग-जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

सभी लॉट्स के लिए-**कार्य का प्रकार**-खानपान, सभी लॉट्स के लिए-**कैटलॉग क्र.**-JBP-C-Catg-25-4, सभी लॉट्स के लिए-ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय-03.11.2025 10.30 hrs)

**GMU Catering units:-**

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| सुमरेरी | Catg-JBP-SMRR-GMU-87-23-2 | SMRR-CS-1(Woman) | 03.11.2025-11:00 hrs |
| सुमरेरी | Catg-JBP-SMRR-GMU-88-23-2 | SMRR-CS-2 | 03.11.2025-11:10 hrs |
| ईशरवारा | Catg-JBP-ISH-GMU-166-23-1 | ISH-CS-2(Gen-FFWW (Woman) | 03.11.2025-11:20 hrs |
| नरियौली | Catg-JBP-NOI-GMU-179-23-1 | NOI-CS-1 | 03.11.2025-11:30 hrs |
| लिधौराखुर्द | Catg-JBP-LDA-GMU-86-23-2 | LDA-CS-2 (Woman) | 03.11.2025-11:40 hrs |
| लिधौराखुर्द | Catg-JBP-LDA-GMU-177-23-1 | LDA-CS-1 | 03.11.2025-11:50 hrs |
| करहिया भदेली | Catg-JBP-KYX-GMU-100-23-2 | KYX-CS-1(Woman) | 03.11.2025-12:00 hrs |
| करहिया भदेली | Catg-JBP-KYX-GMU-101-23-2 | KYX-CS-2 | 03.11.2025-12:10 hrs |
| घटेरा | Catg-JBP-GEA-GMU-84-23-2 | GEA-CS-2 | 03.11.2025-12:20 hrs |
| गोलापट्टी | Catg-JBP-GTY-GMU-83-23-2 | GTY-CS-2 | 03.11.2025-12:30 hrs |
| सलैया | Catg-JBP-SYA-GMU-99-23-2 | SYA-CS-2 | 03.11.2025-12:40 hrs |
| हरदुआ | Catg-JBP-HDU-GMU-77-23-2 | HDU-CS-2(Woman) | 03.11.2025-12:50 hrs |
| हरदुआ | Catg-JBP-HDU-GMU-165-23-2 | HDU-CS-1(Gen-FFWW) | 03.11.2025-13:00 hrs |
| असलाना | Catg-JBP-ANA-GMU-85-23-2 | ANA-CS-2 | 03.11.2025-13:10 hrs |
| रीठी | Catg-JBP-REI-GMU-64-23-2 | REI-CS-2(Woman) | 03.11.2025-13:20 hrs |
| मझगवां फाटक | Catg-JBP-MJGP-GMU-75-23-2 | MJGP-CS-2 | 03.11.2025-13:30 hrs |

**SMU Catering units:-**

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| मालखेड़ी | Catg-JBP-MAKR-SMU-297-25-1 | MAKR-CS-2 | 03.11.2025-13:40 hrs |
| बघौरा | Catg-JBP-BJQ-SMU-147-23-1 | BJQ-CS-1(OBC) | 03.11.2025-13:50 hrs |
| बघौरा | Catg-JBP-BJQ-SMU-148-23-1 | BJQ-CS-2(OBC) | 03.11.2025-14:00 hrs |
| जेरूवा खेड़ा | Catg-JBP-JRK-SMU-145-23-1 | JRK-CS-1(ST) | 03.11.2025-14:10 hrs |
| जेरूवा खेड़ा | Catg-JBP-JRK-SMU-146-23-1 | JRK-CS-2(OBC Woman) | 03.11.2025-14:20 hrs |
| ईशरवारा | Catg-JBP-ISH-SMU-144-23-1 | ISH-CS-1(ST) | 03.11.2025-14:30 hrs |
| नरियौली | Catg-JBP-NOI-SMU-142-23-1 | NOI-CS-2(OBC-FFWW) | 03.11.2025-14:40 hrs |
| नरियौली | Catg-JBP-NOI-GMU-179-23-1 | NOI-CS-3(OBC-FFWW) | 03.11.2025-14:50 hrs |
| गिरवर | Catg-JBP-GW-SMU-141-23-1 | GW-CS-2(OBC) | 03.11.2025-15:00 hrs |
| गणेशगंज | Catg-JBP-GAJ-SMU-76-23-1 | GAJ-CS-2(ST Woman) | 03.11.2025-15:10 hrs |
| असलाना | Catg-JBP-ANA-SMU-137-23-2 | ANA-CS-1(ST-FFWW) | 03.11.2025-15:20 hrs |
| घटेरा | Catg-JBP-GEA-SMU-136-23-1 | GEA-CS-3(OBC Woman) | 03.11.2025-15:30 hrs |
| घटेरा | Catg-JBP-GEA-SMU-135-23-1 | GEA-CS-1(OBC) | 03.11.2025-15:40 hrs |
| गोलापट्टी | Catg-JBP-GTY-SMU-132-23-1 | GTY-CS-1(Min-Woman) | 03.11.2025-15:50 hrs |
| सागौनी | Catg-JBP-SAO-SMU-133-23-1 | SAO-CS-1(ST) | 03.11.2025-16:00 hrs |
| सागौनी | Catg-JBP-SAO-SMU-134-23-1 | SAO-CS-2(ST Woman) | 03.11.2025-16:10 hrs |
| सलैया | Catg-JBP-SYA-SMU-154-23-1 | SYA-CS-1(OBC Woman) | 03.11.2025-16:20 hrs |
| बखलेटा | Catg-JBP-BQQ-SMU-130-23-1 | BQQ-CS-1(OBC Woman) | 03.11.2025-16:30 hrs |
| पतोहां | Catg-JBP-PTHD-SMU-128-23-1 | PTHD-CS-1(ST) | 03.11.2025-16:40 hrs |
| पतोहां | Catg-JBP-PTHD-SMU-129-23-1 | PTHD-CS-2(OBC) | 03.11.2025-16:50 hrs |
| मझगवां फाटक | Catg-JBP-MJGP-SMU-121-23-1 | MJGP-CS-1(MIN) | 03.11.2025-17:00 hrs |
| गिरवर | Catg-JBP-GW-SMU-140-23-1 | GW-CS-1(OBC FFWW) | 03.11.2025-17:10 hrs |

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auctin Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


# स्प्रिंगडेल्स स्कूल के 'परोपकार क्लब' ने वृद्धाश्रम एवं सरकारी विद्यालयों में मनाई दीपावली



**नर्मदापुरम।** दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के Philanthropy Club (परोपकार क्लब) के माध्यम से सेवा एवं सहयोग की परंपरा को आगे बढ़ाया गया। विद्यालय के शिक्षकों एवं NCC के विद्यार्थियों के द्वारा आसरा वृद्धाश्रम, बांद्राभान में दीपावली के उपलक्ष्य में उपस्थित वृद्धजनों को नए कपड़े, साड़ियाँ एवं फल वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मानवीय दिव्याङ्ग विशेष संस्था के बच्चों को मिठाइयाँ एवं फुलझड़ियाँ वितरित कीं जिसे पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था। सरकारी प्राथमिक शाला आईटीआई रोड में भी विद्यालय परिवार की ओर से मिठाइयाँ एवं फुलझड़ियाँ वितरित की गईं जिसे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। विद्यालय में विगत बीस दिन से विद्यार्थियों के द्वारा पुरानी परन्तु उपयोगी सामग्री एकत्रित की जा रही थी जो कि वंचित बच्चों के लिए उपयोगी हो सकती है, उन्हें एकत्रित कर बीटीआई स्थित गरीब बच्चों को वितरित किया गया ताकि उनके जीवन के कुछ अभाव को कम किया जा सके। इस अवसर पर प्राचार्य मोना चटर्जी ने परोपकार क्लब के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए एवं उनकी परोपकार की भावना की सराहना करते हुए कहा कि – 'यदि हमारे छोटे-से प्रयास से किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान आ जाए, तो इससे बड़ा परोपकार और क्या हो सकता है।' कार्यक्रम का समापन सभी के साथ दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ साझा करते हुए किया गया।

# टीबी के मरीजों को प्रदान की पोषण आहार कीट

**रायसेन।** जिले के सिविल अस्पताल बरेली में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया। यह पोषण आहार संस्था को एलटी फाउंडेशन के द्वारा उपलब्ध कराया गया। पोषण आहार उपलब्ध कराने का उद्देश्य टीबी के मरीजों को जल्द स्वास्थ्य लाभ देना है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मरीजों को उच्च गुणवत्ता की टीबी की दवा,समस्त जांच,निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मरीज को 6 महीने तक 1000 रुपए प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाती है। अभी सिविल अस्पताल बरेली के अंतर्गत 173 टीबी के मरीज है। जिनका निःशुल्क इलाज, जांच के साथ ही प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

# त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन की मिलावटी खाद्य सामग्री पर सख्त निगरानी



**नर्मदापुरम।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्टर सोनिया मीना निर्देशानुसार शनिवार अनुविभागीय दंडाधिकारी सिवनी मालवा विजय राय के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा ऑटो से संदेहास्पद 1.5 क्विंटल खोवा पकड़ा जिसमें पूछताछ पर यह खोवा ग्वालियर का पाया गया जिसका कोई बिल उपलब्ध नहीं था। ऑटो चालक के द्वारा अन्य कोई विधिसम्मत जानकारी नहीं देने के कारण खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार द्वारा सभी बोरियों से 03 नमूने जांच के लिए संगृहीत किए गए और समस्त खोवा ज़ब्त कर कोल्ड स्टोरेज में रखा गया। इसके अतिरिक्त सिवनी मालवा स्थित मनभावन मिष्ठान, राजस्थान मिष्ठान एवं अन्य मावा एवं मिठाई विक्रेताओं की जांच हेतु निरीक्षण किए गए एवं मिठाइयों के नमूने एकत्र किए। साथ ही चलित खाद्य प्रयोगशाला से 26 नमूनों की स्पॉट पर ही जांच की गई! सभी व्यावसायियों को साफ सफाई के निर्देश दिए गए। संग्रहित नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध न्यायालय कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

# दीपावली से पूर्व मिला नपा के अधिकारी और कर्मचारियों को वेतन

## नपाध्यक्ष और सीएमओ को मिठाई खिलाकर दिया धन्यवाद



**नर्मदापुरम।** इस बार नगरपालिका के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को दीपावली के त्यौहार से पहले वेतन मिलने से हर्षोल्लास है। दीपावली पर्व से पूर्व वेतन पाकर अधिकारी और कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया तथा कार्यालय में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लेखा अधिकारी देवेंद्र सिंह बघेल, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, विशाल शर्मा, राजस्व हरिश गोस्वामी, समीर वाजपेई, एएसआई सुनील अवस्थी, अनंत सिंह राजपूत, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत सहित स्वच्छतादूत उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातनी पर्व दीपावली एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। जिसे सभी को मिलजुलकर मनाया जाना चाहिए। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने परिवार के साथ खूब धूमधाम से दीपावली का त्यौहार मनाएं।

**'स्वदेशी निर्मित वस्तु को बढ़वा दें : नपाध्यक्ष**

नपाध्यक्ष यादव ने समस्त नागरिकों से आव्हान किया कि स्वदेशी निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा दें। इससे स्थानीय दुकानदारों और व्यवसाइयों को लाभ होगा। दीपोत्सव पर्व हमारा त्यौहार है इसलिए हमारे देश के नागरिकों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की ही बाजार में खरीददारी करें। नपा द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए एसएनजी ग्राउंड में लगे दीपावली त्यौहार को टेक्स फ्री कर दिया है। गुप्ता ग्राउंड में फटाखा बाजार और एसएनजी ग्राउंड में दीपावली का बाजार सज गया है।

# आज से शुरू होगी ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

## रोहित-कोहली 7 महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करेंगे

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

26 साल के शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया क्रिकेट के सुपर पावर कहे जाने वाले ऑस्ट्रेलिया को चैलेंज करने उसी के घर पहुंची है। कल (19 अक्टूबर को) को सुबह 9 बजे से दोनों के बीच पहला वनडे खेला जाना है। टास्क बड़ा है- ऑस्ट्रेलिया को हराना, वो भी उसी के घर में। उस ऑस्ट्रेलिया को जिसके शब्दकोश में हारना शब्द नहीं है। ऐसा नहीं है टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को कभी हरा नहीं सकी है। टीम ने पिछले ही मैच में कंगारुओं 4 विकेट से हराया था। लेकिन, इस बार का चैलेंज अलग होगा। कप्तान नया है, जो पहली बार इस फॉर्मेट में भारतीय टीम की कमान संभाल रहा है। इससे पहले रोहित शर्मा, विराट कोहली और एमएस धोनी जैसे दिग्गजों ने टीम की कमान संभाली है। गिल पर उसी विरासत को आगे बढ़ाने का दबाव होगा। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अपना पहला वनडे मैच खेल रही है। टीम ने 9 मार्च 2025 को दुबई में खेले गए



फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया था। रोहित-कोहली 7 महीने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। ऑस्ट्रेलियन कैप्टन पैट कमिंस चोटिल हैं। उनकी गैरमौजूदगी में मिचेल मार्श टीम को लीड करेंगे। वे भारत के खिलाफ पहली बार कप्तानी कर रहे हैं।

विराट कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे यादा रन बनाने के मामले में श्रीलंका के कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ सकते हैं। कोहली के अभी 14181 रन है। जबकि संगाकारा 14234 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। कोहली 53 रन बनाते ही इस लिस्ट में नंबर-2 पर आ जाएंगे। पहले स्थान पर 18426 रन के साथ सचिन तेंदुलकर मौजूद हैं। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के घर में 990 रन बना लिए हैं। वे 10 रन बनाने के साथ 1000 रन पूरे कर लेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय बैटर बन जाएंगे। इस लिस्ट में विराट कोहली (802 रन) और सचिन तेंदुलकर (740 रन) तीसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड वनडे क्रिकेट में 3000 रन पूरे कर सकते हैं। वे इस मुकाम से 58 रन दूर हैं। हेड ने अब तक खेले 76 मैच में 7 शतक 17 अर्धशतकों के सहारे 2942 रन बना चुके हैं।



### क्या रोहित-कोहली के लिए आखिरी मौका?

इस सवाल का जवाब चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने दिया। उन्होंने कहा- रोहित और कोहली के प्रदर्शन का मूल्यांकन हर मैच के बाद नहीं, बल्कि हर सीरीज के बाद होगा। अगरकर ने आगे कहा- अगर वे (रोहित-कोहली) ऑस्ट्रेलिया में रन नहीं बना पाते तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा और अगर वे तीन शतक भी बना लें, तो इसका अर्थ यह नहीं कि उन्हें 2027 वर्ल्ड कप के लिए अभी से चयनित मान लिया जाए।

# फीफा रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम का नौ साल का निचला स्तर

## सिंगापुर से मैच के बाद आया बदलाव

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

**भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को स्व्ड्स्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर आ गई, जो पिछले नौ वर्षों में सबसे निचला स्तर है। यह गिरावट सिंगापुर के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद हुई, जिससे टीम की 2027 एशियाई कप क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी धूमिल हो गईं।**

भारत की टीम दो स्थान नीचे गिरकर 136वें स्थान पर आ गई, जो कुवैत से एक स्थान नीचे और बोत्सवाना से एक स्थान ऊपर है। इससे पहले भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग नवंबर 2016 और अक्टूबर 2016 में 137वीं थी। वहीं, भारत की अब तक की सर्वोच्च रैंकिंग 94वीं थी, जो फरवरी 1996 में हासिल की गई थी।

एशियाई कप क्वालिफाइंग के तीसरे राउंड में भारत ने सिंगापुर के साथ आउटडोर मैच में 1-1 ड्रॉ खेला। इसके बाद 14 अक्तूबर को मार्गाओ में होम-लेग मैच में 1-2 की हार के साथ टीम को और नुकसान उठाना पड़ा। इस हार ने भारत की एशियाई कप 2027 के लिए क्वालिफाई करने की राह लगभग बंद कर दी। टीम के सामने अब कड़ी मेहनत और सुधार का चुनौतीपूर्ण रास्ता है।



### भविष्य की चुनौती

इस गिरावट के बाद भारत की टीम के लिए अब सबसे बड़ी चुनौती है खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखना और रणनीति सुधारना। टीम को आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों और टूर्नामेंट में सकारात्मक प्रदर्शन के लिए तैयारी करनी होगी ताकि रैंकिंग में सुधार हो सके और 2027 एशियाई कप में फिर से क्वालिफाई किया जा सके। इस गिरावट ने साफ कर दिया है कि एशियाई कप और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए टीम को तुरंत मजबूत और संगठित प्रदर्शन की आवश्यकता है।

# ज्योति सुरेखा वेन्नम ने वर्ल्ड कप फाइनल में ब्रॉन्ज जीता

## ब्रिटेन की एला गिब्सन को 150-145 से हराया



**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

**भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार वर्ल्ड कप फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई हैं। नानजिंग में आयोजित इस टूर्नामेंट में ज्योति ने ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर 2 तीरंदाज एला गिब्सन को 150-145 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।**

ज्योति ने एला गिब्सन के खिलाफ पांच राउंड में लगातार 15 परफेक्ट 10 स्कोर करके 150-145 से जीत हासिल की। यह ज्योति का वर्ल्ड कप फाइनल में पहला मेडल है। इससे पहले वह 2022 (त्लाक्सकाला) और 2023 (हरमोसिलो) में वर्ल्ड कप फाइनल में हिस्सा ले चुकी थीं, लेकिन दोनों बार पहले दौर में बाहर हो गई थीं। 29 साल की ज्योति एशियन गेम्स चैंपियन है। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अमेरिका की एलेक्सिस रुइज को 143-140 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 1 मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा से हुआ, जहां वह 143-145 से मामूली अंतर से हार गईं। इस मुकाबले में ज्योति ने तीसरे राउंड तक 87-86 से बढ़त बनाई थी, लेकिन बेसेरा ने चौथे राउंड में तीन परफेक्ट 10 स्कोर करके 116-115 से बढ़त ले ली और अंतिम राउंड में 29-28 से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। भारत की एक अन्य महिला कंपाउंड तीरंदाज मधुरा धमंगांवकर भी इस टूर्नामेंट में थीं, लेकिन वह पहले दौर में मेक्सिको की मरियाना बर्नाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गईं। मेंस कंपाउंड वर्ग में भारत के रिषभ यादव एकमात्र तीरंदाज हैं, जो आज दक्षिण कोरिया के किम जोंघो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# न्यूजीलैंड-इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 रहा बेनतीजा

## बारिश की वजह से एक ही पारी हो सकी

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 बेनतीजा रहा। बारिश की वजह से शनिवार को इंग्लिश टीम ही पूरे 20 ओवर खेल सकी। न्यूजीलैंड की बैटिंग नहीं आई। टॉस जीतकर कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर ने बॉलिंग का फैसला किया। ऑलराउंडर सैम करन के नाबाद 49 रन की बदौलत इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर 153 रन बनाए। यह टी-20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का लोएस्ट फर्स्ट इनिंग टोटल भी रहा।



पहले बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 4.1 ओवर में 29 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। फिल सॉल्ट को 3 रन पर जैकब डफी ने मार्क चैम्पमैन के हाथों कैच करा दिया। फर्स्ट डाउन बैटिंग करने आए जैकब बेथेल 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनका कैच मैट हेनरी ने खुद अपनी ही बॉलिंग में लिया।

विकेटकीपर जोस बटलर ने 25 बॉल पर 29 रन बनाए। उन्हें माइकल ब्रेसवेल ने आउट किया। कप्तान हैरी ब्रूक को 20 रन पर जिमी नीशम ने बोल्ड कर दिया। टॉम बैंटन को 9 रन पर मिचेल सैंटनर ने जिमी नीशम के हाथों कैच कराया।

### सैम ने बनाया अपने टी-20 करियर का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

ऑलराउंडर सैम करन जब बैटिंग करने आए तब इंग्लिश टीम 81 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी। करन ने एक छोर से पारी को संभाला और 35 बॉल पर नाबाद 49 रन बनाए। 3 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। यह उनके करियर का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ करन ने 50 रन बनाए थे। आखिर में जॉर्डन कॉक्स ने 18 बॉल पर 16 रन बनाए। न्यूजीलैंड से सभी बॉलर्स को एक-एक विकेट मिला।

# अनाहत सिंह बोस्टन ओपन स्क्वाश का क्वार्टर फाइनल हारीं



**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह का विजयी अभियान क्वार्टर फाइनल में थम गया। स्टार महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत बोस्टन ओपन 15000 डॉलर ईनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना स्वाइफी से हारकर बाहर हो गईं। दिल्ली की अनाहत को जाना ने 11-4, 11-9, 6-11, 3-11, 11-5 से हराया। अनाहत ने अमेरिका की चार्लोट जे को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

# सात्विक-चिराग डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार (17 अक्टूबर, 2025) को डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेन्स डबल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ओडेंसे के जायस्क बैंक एरेना में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग ने इंडोनेशिया की जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत को 65 मिनट में 21-15, 18-21, 21-16 से हराया। मैच में सात्विक-चिराग ने पहला गेम 17-16 के स्कोर से चार लगातार अंक लेकर 21-15 से जीता। दूसरा गेम कड़ा रहा, जहां इंडोनेशियाई जोड़ी ने 10-4 की बढ़त गंवाने के बाद 17-17 की बराबरी की और गेम 21-18 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआती बराबरी के बाद तेजी से नियंत्रण हासिल किया और लगातार दबाव बनाए रखते हुए जीत सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में शनिवार (18 अक्टूबर) को सात्विक-चिराग का मुकाबला जापान की वर्ल्ड नंबर 10 जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा।

## व्यापार

# सोना-चांदी फिर नई ऊंचाई पर

**इंदौर।** सोने-चांदी के वायदा कारोबार में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में लगातार पांचवें दिन सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। चांदी ने भी सर्वोच्च स्तर छू लिया। कारोबारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव रिकॉर्ड तेजी पर कारोबार कर रहे हैं, जबकि हाजर में कामकाज कम है। इतने ज्यादा उतार-चढ़ाव के कारण ग्राहकी प्रभावित हो रही है। कॉमेक्स पर सोना 4326 डॉलर प्रति औंस व चांदी 5405 सेंट पर है।

इंदौर सराफा-सोना केडबरी रवा नकद 132800, आरटीजीएस 133000 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 118000 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 170000, आरटीजीएस 171000 और टंच 170500 रुपए प्रति किलो। चांदी का सिक्का 2000 रुपए प्रति नग।



# शकर में बिकवाली दबाव



**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में त्यौहार से पहले की थोक ग्राहकी निपट चुकी है, खेरची कामकाज अच्छा चल रहा है। शकर की लोकल मांग सामान्य है, जबकि बाहरी मांग कमजोर पड़ गई, शकर कोटे का स्टाक भी अच्छी मात्रा में होने मिल वालों का शकर में बिकवाली दबाव बना हुआ है। इसके अलावा नए मखाना में मंदी का रुख है। उत्पादन केंद्र बिहार के दरभंगा में मखाना उत्पादन ज्यादा हुआ है, वहां भाव घटाकर बिकवाली जारी है, जिसका असर यहां भी है। मखाना में मांग निकलती भी है तो ज्यादा तेजी की धारणा नहीं है।

शकर- 4200-4260, गुड़ कटोरा 4600-4700, लड्डू 5300-5400, बरफी 5700-5800, गिलास 5000-5500 रुपए क्विंटल। मखाना 1175 से 1375 बेस्ट 1475 से 1675 रु.

# टॉप-10 कंपनियों में 7 की वैल्यू 2.03 लाख करोड़ बढ़ी

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 7 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 2.03 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। इस दौरान देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वैल्यू सबसे ज्यादा बढ़ी है। रिलायंस का मार्केट कैप 47,363.65 करोड़ रुपए बढ़कर 19.17 लाख करोड़ पर पहुंच गया।

# चने में सीमित सौदे, तुवर तेज

**इंदौर। छावनी अनाज मंडी में दलहनों में कारोबार कमजोर चल रहा है। चने में सीमित लेवाली पूछपरख के कारण भाव मंदी पर स्थिर है, जबकि तुवर में तेजी का रुख बना हुआ है। काबुली चने में कारोबार सामान्य है। निर्यात कामकाज खास नहीं होने से भावों में ठहराव देखा जा रहा है।**

दलहन-चना कांटा 5800 डंकी चना 5100-5300 विशाल 5600-5650, काबुली चना 9000-9400, काबुली चना रशियन 5800-6000, बिटकी 5300-5600, मसूर 5900-5950, तुवर महाराष्ट्र सफेद 6800, महाराष्ट्र लाल 6800-7000, कर्नाटक 6900-7100 तुवर निमाड़ी 6000-6700 मूंग बेस्ट नया 7700-8000, बोल्ड 8100-8300, एवरेज 6500-6700, मोगर 5500-6500, उड़द नया गर्मी 7000-7500, उड़द बोल्ड 7000-7500, एवरेज 6200-6500, हल्का 3000-5000 रुपये क्विंटल। दालें-चना दाल 7400-7500 मीडियम 7600-7700 बेस्ट 7900-8100 मसूर दाल 7700-7800 बेस्ट 7900-8000 मूंग दाल 9300-9400 बेस्ट 9700-9900 मोगर 9400-9500 बेस्ट 9800-10000 तुवर दाल 7500-7700 मीडियम 8700-8900 बेस्ट 9500-9600 ए. बेस्ट 10400-10500, ब्रांडेड तुवर दाल नई 11000 उड़द दाल 8700-8800 बेस्ट 8900-9100 उड़द मोगर 9700-9800 बेस्ट 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल।



गेहूं-गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2675, मालवराज 2650-2750, पूर्णा 2800-2850, लोकवन 2850-2900 और मक्का 2275-2300 रुपये क्विंटल। आटा 1500-1520, मैदा 1580-1600, रवा 1620-1640 व चना बेसन 3800-3850 रुपये प्रति कट्टा। चावल-बासमती (921) 12000-13000, तिबार 10500-11500, बासमती दुबार पोनिया 9500-10000, मिनी दुबार 8000-8500, मोगरा 5000-7500, बासमती सेला 7000-9500, कालीमूंछ डिनर किंग 8500, राजभोग 7000, दुबराज 4500-5500, परमल 3500-3800, हंसा सेला 3600-3800, हंसा सफेद 3000-3200, पोहा 4800-5500 रुपए क्विंटल रहे।



# प्लांटों की सोयाबीन में मांग

**इंदौर। त्यौहारी सीजन के चलते मंडियों में तिलहनों की आवक कमजोर पड़ गई है और खाद्य तेलों में ग्राहकी अच्छी होने से प्लांटों की सोयाबीन में मांग है, लेकिन आवक कम होने से उपलब्धि कमजोर पड़ी तो प्लांटों ने 20-25 रुपए भाव बढ़ाकर खरीदी शुरु कर दी है।**

आगे दीवाली की छुट्टियां भी आने वाली है तो सोयाबीन प्लांट डिलीवरी भाव4350-4500 रुपए तक बोले जा रहे हैं।

खाद्य तेल-मूंगफली तेल इंदौर 1400, मुंबई 1415, इंदौर सोया रिफाइंड 1250-1255 सोया साल्वेंट 1185-1190 इंदौर पाम 1335, मुंबई सोया रिफाइंड 1280, मुंबई पाम 1285 राजकोट तेलिया 2205, गुजरात लूज 1375, कपास्या तेल इंदौर 1240 रुपए प्रति दस किलो। तिलहन-सरसो निमाड़ी(बारीक) 7100-7200, रायडा 6500-6600, सोयाबीन 4200-43000 , नया 3700-4000 रु. प्रति क्विंटल।

कपास्या खली- (60 किलो भरती) इंदौर 2550, देवास 2550, उज्जैन 2550, खंडवा 2525, बुरहानपुर 2525, अकोला 3800 रुपए।

# एचडीएफसी बैंक का दूसरी तिमाही में मुनाफा 11% बढ़ाये 18,641 करोड़ रुपए रहा

**राष्ट्रीय हिंदी मेल नई दिल्ली।**

**देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC ने दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में कुल 91,041 करोड़ की कमाई की है। इस कमाई में से बैंक ने 63,117 करोड़ रुपए कर्मचारियों की सैलरी, बिजली बिल, डिपॉजिट जैसे कामों में खर्च किए।**

इसके बाद बैंक के पास 18,641 करोड़ रुपए मुनाफा के रूप में बचा। एक साल पहले की समान अवधि में बैंक को 16,821 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। सालाना आधार यह 11त्न बढ़ा है।

जब कोई व्यक्ति या संस्था किसी बैंक से लोन लेकर उसे वापस नहीं करती, तो उसे बैड लोन या नॉन परफॉर्मिंग एसेट या हक्क कहा जाता है। यानी इन लोन्स की रिकवरी की उम्मीद काफी कम होती है। नतीजतन बैंकों का पैसा डूब जाता है और बैंक घाटे में चला जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के नियमों के मुताबिक, अगर किसी बैंक लोन की किस्त 90 दिनों तक यानी तीन महीने तक नहीं चुकाई जाती है, तो उस लोन को हक्क घोषित कर दिया जाता है। अन्य वित्तीय संस्थाओं के मामले में यह सीमा 120 दिन की होती है। बुक को क्लियर करने के लिए बैंकों को ऐसा करना होता है। HDFC बैंक ने शनिवार, 18 अक्टूबर को तिमाही नतीजे जारी किए, इस दिन शेयर बाजार बंद है। इससे पहले 17 अक्टूबर को बैंक का शेयर 0.63त्न चढ़कर 1,000 रुपए पर बंद हुआ। HDFC के शेयर ने बीते एक महीने में 3त्न, 6 महीने में 4त्न और एक साल में 19त्न का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। बैंक का शेयर इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 12त्न चढ़ा है। बैंक का मार्केट कैप 7.68 लाख करोड़ रुपए है। HDFC बैंक, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज प्रोवाइड करता है। बैंक के फाउंडर हसमुखभाई पारेख हैं।

# खुद के घर की खुशी से बढ़कर कुछ नहीं : मुख्यमंत्री

## पीएम आवास योजना में प्रदेश के 49 लाख परिवारों को मिला अपना घर



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपना घर हर किसी का सपना होता है। अपने घर की खुशी से बढ़कर और कुछ नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 4 करोड़ से अधिक लोगों को उनका मकान बनाकर दिया है। प्रधानमंत्री का खुद का कोई घर नहीं है, लेकिन देश के सभी नागरिकों को मकान देना उन्होंने अपना लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नीमच के 348 परिवार अपने सालों पुराने सपने को हकीकत में बदलते देख रहे हैं। यह दिवाली उनके जीवन की सबसे सुंदर दीपावली बनकर आई है, क्योंकि इस बार सभी अपने घर में में दिवाली मनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से नगर पालिका नीमच द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत अफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजेक्ट के तहत निर्मित आवासों की सुंदर कॉलोनी का वर्चुअल लोकार्पण कर हितग्राहियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 348 परिवारों को गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नए घर के लाभार्थियों से संवाद कर सभी को धनतेरस के दिन मिले नये आवास और पंच दिवसीय दीपोत्सव की मंगलकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि जब गरीब का घर रोशन होता है, तभी देश में सच्ची दीपावली होती है। आज मध्यप्रदेश इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। लक्ष्मी-गणेश की कृपा से मध्यप्रदेश जन-कल्याण और विकास की दीपावली मना रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी नीयत साफ है, हमारी नीतियां गरीबों को सशक्त करने की हैं एक दौर वो भी था जब गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनती थीं, लेकिन उनका लाभ कई पुश्तों के बाद भी गरीब को नहीं मिल पाता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हितग्राहियों को छत ही नहीं, स्वाभिमान और सुरक्षा दोनों मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 योजना के तहत हम 10 लाख आवास बनाएंगे। हम इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पीएम आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवॉर्ड की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला है। नीमच तो हमेशा से ही इस मामले में अव्वल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज ही नीमच जिले में 134 करोड़ की लागत से पीएम आवास के 348 घरों की चाबियां सौंपी जा रही हैं। जिसमें 144 मकान EWS के, 144 मकान LIG और 60 मकान MIG के शामिल हैं। साथ ही 33 कमर्शियल प्लॉट भी हैं। आज जो मल्टी स्टोरी आवास प्रदान किए जा रहे हैं, यह सिर्फ मकान नहीं, बल्कि एक पूरा परिसर विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां चमचमाती सड़कें, व्यवस्थित नालियां, ओवरहेड टैंक और सीवरेज पंपिंग स्टेशन की व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा के लिए गेट और बाउंड्री वॉल बनाई गई हैं। बच्चों के खेलने के लिए पार्क की स्थापना की गई है। कैंपस में हेल्थ केयर सेंटर (प्राथमिक उपचार केन्द्र), बस स्टॉप, फायर सुविधा भी है। यहां स्कूल बनाने के लिए भूमि भी आरक्षित की गई है। यानी हर ज़रूरत का पूरा ध्यान रखा गया है। यह समेकित परियोजना एक सच्चे मायनों में सम्मानजनक जीवन और बेहतर भविष्य की नींव रखती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रदेश में हर गरीब के पास पक्का मकान हो। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से शहरी गरीबों को पक्के घर देने की दिशा में मिशन मोड पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पीएम आवास योजना के तहत अब तक 49 लाख से अधिक परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हुआ है। 40 लाख से अधिक ग्रामीण और 8 लाख से अधिक शहरी परिवारों को अपनी छत मिली है। हमारे गांव और शहर दोनों एक साथ मुस्कुरा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच में बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज बनेगा और हवाई सेवाओं से भी जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नीमच की भादवा माता मध्यप्रदेश की वैष्णो देवी हैं।

# स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण और उपयोग से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प होगा पूरा : उप मुख्यमंत्री



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के निर्माण व उपयोग से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा हो सकेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग में देश आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यम योजनान्तर्गत रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रजापति समाज के 110 परिवारों को विद्युत चलित शैला चाक का वितरण किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रजापति समाज के परिवार विद्युत शैला चाक से अपनी परंपरागत कला एवं उत्पादों का निर्माण कर स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वाहन पर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। प्रजापति परिवार भी विद्युत चलित शैला चाक द्वारा उत्पादों का निर्माण कर अपनी परंपरागत पहचान को बनाए रखने में सक्षम होंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि धनतेरस के अवसर पर यह कार्य प्रजापति समाज के लिए शुभ साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति बधाई के पात्र हैं जिनके प्रयासों से विद्युत शैला चाक का वितरण कराकर प्रजापति समाज के लोगों को उनके परंपरागत हुनर को आगे बढ़ाने में मदद मिली है। यह वास्तव में स्वदेशी जागरण का बड़ा मंत्र है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा शहर के निपनिया मोहल्ले में निवास करने वाले प्रजापति समाज के लोगों को भी चाक वितरण कराने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वयं चाक भी चलाया तथा माटी का दीपक बनाया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती पन्ना बाई सहित जन-प्रतिनिधि व प्रजापति समाज के स्वरोजगारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रदेशवासियों के जीवन में सुख एवं समृद्धि की सुमंगल दीपमालाएं प्रज्जवलित रहें: खण्डेलवाल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यालय में धनतेरस पूजन कर दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं



**भोपाल।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में धनतेरस पूजन कर प्रदेशवासियों व पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेशवासियों के जीवन में सुख एवं समृद्धि की सुमंगल दीपमालाएं प्रज्जवलित रहें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज हम सभी ने प्रदेश कार्यालय में धनतेरस का पूजन किया है। साथ ही ईश्वर से यह प्रार्थना की है कि धनतेरस का पर्व प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं के जीवन में खुशियां, सुख-समृद्धि लेकर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनता के काम करे, प्रदेश के प्रत्येक नागरिक सुखी रहे, संपन्न रहे और जीवन में लगातार आगे बढ़े। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश के नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं को धनतेरस के साथ-साथ दीपावली पर्व की भी शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री ने किसानों को दिया दीपावली का उपहार

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भावांतर योजना प्रदेश में पहले से लागू है और आज इसके भुगतान को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सम्मान भी किया है। इसके अलावा हमारे मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए एक बड़ी सौगात और दी है। सोलर पंप पर पहले 60 प्रतिशत सब्सिडी होती थी। इसमें लागत का 40 प्रतिशत किसानों को मिलाना होता था। मुख्यमंत्री ने इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। यानी अब सोलर पंप पर सरकार किसानों को 90 प्रतिशत सहयोग करेगी। प्रदेश के किसानों को इससे लाभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि चाहे सिंचाई की हो, बिजली की हो या समर्थन मूल्य के संबंध में हो, प्रदेश सरकार किसानों की हर जरूरत की पूर्ति के लिए तत्पर है।

# नशे के विरुद्ध मध्य प्रदेश पुलिस की सघन कार्रवाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में इस माह के दौरान पुलिस की विभिन्न इकाइयों ने बड़ी कार्यवाहियाँ की हैं। पुलिस टीमों की सतर्कता और सघन कार्रवाई से कुल लगभग 83 लाख 95 हजार रुपये मूल्य के अवैध मादक पदार्थ एवं तस्करी में लगे वाहन जब्त किए गए हैं तथा अनेक तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई प्रदेश में नशा तस्करी की जड़ों को समाप्त करने की दिशा में लगातार चल रहे प्रयासों का परिणाम है। मंदसौर पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार सख्त कदम उठाते हुए इस माह कई महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ की हैं। थाना नारायणगढ़ पुलिस ने लक्ज़री कार से मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 286 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा, जिसकी कीमत 5,72,000 आंकी गई है, एवं एक कार सहित कुल ?30,72,000 का मशरुका जप्त किया।

# शांति एवं सौहार्द से मनाएँ त्यौहार, पुलिसकर्मी अपना आचरण रखें उत्तम : डीजीपी मकवाणा



**भोपाल।** धनतेरस,दीपावली, गोवर्धन पूजा,भाईदूज एवं चित्रकूट,रतनगढ़ और हिंगोट मेले के अवसर पर प्रदेश में शांति, कानून-व्यवस्था एवं सौहार्द बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्त इंदौर-भोपाल के साथ बैठक की। बैठक में एडीजी (इंटेलिजेंस) श्री साई मनोहर, आईजी लॉ एंड ऑर्डर श्री अंशुमान सिंह सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री मकवाणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी जिलों में त्यौहारों के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए पुलिस व्यवस्था पूर्णतः चाक-चौबंद रखी जाए। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में पूरे बल की समीक्षा करें और संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बीट स्तर पर इंटेलिजेंस को सक्रिय रखने और सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से नागरिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने पर जोर दिया।

उन्होंने बाजारों में प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा कि अधिकारी स्वयं पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। श्री मकवाणा ने बताया कि शहरों के बाहरी इलाकों, मार्गों एवं प्रमुख स्थानों पर सतत पेट्रोलिंग रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दीपावली के दौरान अवैध पटाखा विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और वैध विक्रेताओं द्वारा सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर ब्रिगेड, नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया।

डीजीपी ने कहा कि शहरों के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि धर्म, जाति या समुदाय आधारित विवादों से जुड़े व्यक्तियों और स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। श्री मकवाणा ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले संदेशों और वीडियो पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। यदि कोई भ्रामक या विवादित सामग्री प्रसारित हो रही है, तो उसका तत्काल खंडन कर सही जानकारी जनता तक पहुँचाई जाए।

उन्होंने आगे बताया कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले प्रमुख त्यौहारों और मेलों के दौरान संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धनतेरस 18 अक्टूबर को है, दीपावली 20 अक्टूबर को, गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर और भाई दूज 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इसी क्रम में अन्य बड़े आयोजन भी संपन्न होंगे, जैसे चित्रकूट मेला सतना में 19 और 20 अक्टूबर को, हिंगोट मेला इंदौर में 22 अक्टूबर को और रतनगढ़ देवी मेला दतिया में 23 अक्टूबर को आयोजित होंगे। श्री मकवाणा ने मेला व्यवस्था में तैनात बल और अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनकी ब्रीफिंग केवल सामान्य नहीं, बल्कि उनके क्षेत्र की जिम्मेदारी के अनुसार विस्तृत हो। उन्होंने कहा कि पूर्व अनुभवों के आधार पर ऐसे स्थानों की पहचान की जाए जहाँ भीड़ अधिक रहती है और वहाँ अधिकारी स्वयं निरीक्षण कर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए और भीड़ वाले स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों को तत्काल दिशा-निर्देश दिए जा सकें।

# निगम ने की शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले, गुमठी व विभिन्न प्रकार के सामग्री के स्टॉल/दुकानें आदि को हटाया साथ ही आवागमन में बाधक वाहनों को भी हटाने की कार्यवाही की।

निगम अमले ने विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से निर्मित चबूतरे आदि को भी तोड़ा। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देशों के परिपालन में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शनिवार को कोलार रोड शमशान घाट, कटियार मार्केट, ललिता नगर, डीमार्ट, सर्वधर्म, चूना भट्टी, जेके हास्पिटल, मैनिट चैराहा, न्यू मार्केट, एम.पी.नगर जोन-01 सांई बाबा काम्प्लेक्स, एम.पी.नगर जोन-02, ज्योति टॉकीज, लहारपुर, मिसरोद नाका, पालीटेक्निक प्रियदर्शनी पार्क, बुधवारा चार बत्ती चैराहा, गुफा मंदिर, गांधी नगर झूलेलाल मार्केट, अब्बास नगर, प्रभात चैराहा, बाग फरहत अफजा, ओल्ड सुभाष नगर आदि क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाई गई सब्जी, मीट, मुर्गे, मछली व अन्य प्रकार के सामान आदि की दुकानें एवं दुकानों के बाहर रखा सामान सहित बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर, आवागमन में बाधक दो पहिया, चार पहिया वाहन, अवैध रूप से बनें चबूतरे आदि तोड़े।

### भोपाल-इंदौर में खरीदारी का उत्साह, सोने-चांदी और वाहनों की बिक्री में उछाल

# धनतेरस पर मध्यप्रदेश के बाजार चमके

### पत्नी के साथ खरीदारी करने पहुंचे शिवराज, मंत्री विजयवर्गीय बैठे पुश्तैनी दुकान पर









**भोपाल / इंदौर / जबलपुर / (राष्ट्रीय हिंदी मेल टीम रिपोर्ट)।** धनतेरस पर मध्यप्रदेश के बाजारों में रौनक देखने लायक रही। सुबह से ही राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और अन्य शहरों के बाजारों में खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहने से सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और गृह सज्जा बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। धनतेरस पर राजधानी भोपाल का सराफा बाजार भी खरीदारों से भरा रहा। इस बार सोना और चांदी के भाव ऊंचे रहने के बावजूद ग्राहकों की संख्या में कोई कमी नहीं दिखी। उलटे, व्यापारियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस बार ग्राहक लगभग दोगुनी संख्या में बाजार पहुंचे, जिससे बिक्री में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। शुक्रवार को सोने की कीमतों में 1,000-1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी में 6,000-7,000 रुपये प्रति किलो की गिरावट देखी गई, जिससे ग्राहक बड़ी संख्या में दुकानों की ओर उमड़ पड़े। लोग मान रहे हैं कि त्योहारी सीजन के बाद रेट बढ़ सकते हैं, ऐसे में अभी निवेश करना ज्यादा फायदेमंद रहेगा। होलसेल सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय कुमार वर्मा के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में सरकार की तरफ से हॉलमार्क ज्वेलरी को अनिवार्य किए जाने के बाद ग्राहकों का भरोसा बढ़ा है। लोग अब अधिक निश्चिंतता के साथ सोना-चांदी खरीद रहे हैं। इस बार मार्केट में इटालियन और लाइटवेट ज्वेलरी का चलन बढ़ गया है। खासकर युवा वर्ग अब डिजाइन और क्वालिटी को प्राथमिकता देता है। ग्राहक अब सोने को सिर्फ गहना नहीं बल्कि एक मजबूत निवेश के रूप में देख रहे हैं। बैंक में मिलने वाले रिटर्न से उन्हें गोल्ड में अधिक लाभ दिखाई दे रहा है। कई लोग इस बार सोने की कीमत 1.5 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंचने की संभावना को लेकर निवेश कर रहे हैं। इंदौर में धनतेरस पर करीब 4 हजार कारें और 11 हजार से ज्यादा टू-व्हीलर बिके। शहर में 500 करोड़ से अधिक के वाहनों की बिक्री दर्ज की गई। सराफा बाजार में भी करीब 200 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस अवसर पर अपनी पुश्तैनी दुकान पर बैठकर ग्राहकों को सामान तौला। भोपाल में धनतेरस पर 800 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ। न्यू मार्केट, सराफा चौक, चौक बाजार और 10 नंबर मार्केट में खरीददारों की भीड़ देर रात तक बनी रही। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ न्यू मार्केट पहुंचे और चांदी का सिक्का खरीदा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित अपने निवास पर भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा 'दीपोत्सव के शुभारंभ पर्व 'धनतेरस' पर भगवान धन्वंतरि से प्रदेशवासियों के आरोग्य, धनैश्वर्य और कल्याण की कामना की है।' मंत्री संपतिया उइके ने मंडला में सड़क किनारे ठेले वालों से धनतेरस की खरीदारी की। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हर नागरिक का दायित्व है।




**स्वामी, विजय कुमार दास के लिए मुद्रक, प्रकाशक पृथ्विजय कुमार दास** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड के लिए 10-10 सेक्टर बी इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित एवं हिन्दी मेल भवन, नेशनल प्रेस एरिया, सप्रे मार्ग, लिंक रोड, नं. 3, प्लाट नं. 3, पत्रकार कॉलोनी के पास भोपाल-462003 (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक : पृथ्विजय कुमार दास।** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * **समूह संपादक : विजय कुमार दास (RNI No. 64654/96 ), संयुक्त संपादक : अरूण व्यास,** मो. नं. 9179174353, **कार्यकारी संपादक :** अनीता चौबे मो. नं. 9893288371, **स्थानीय संपादक :** नौशाद कुरैशी मो. नं. 9424002407, **समाचार संपादक :** देव चौबे मो. नं.8269453234 **डीटीपी हैड :** दीपेन्द्र कौशल, **मोबाईल नं.** 9907218737 **दूरभाषः** 0755-4948144, 2994470, **E-mail: hindimailbpl@gmail.com, lifeindiamedia@gmail.com**,( रिलीज आर्डर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें: **hindimailadvt@gmail.com** पर संपर्क करें।)